Ranchi • Saturday, 07 September 2024 • Year : 02 • Issue : 230 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं
दफोटोन न्यूज़
Published from Ranchi

ऊर्जा विभाग अंतर्गत

मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना

हर माह
200
यूनिट
बिजली मुफ्त

जे.बी.वी.एन.एल से
व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ

मुख्य बिन्दु

- **आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं** को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा **Energy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge** आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना **जुलाई 2024** के बिलिंग माह से लागू की जाएगी।
- **33,07,294** ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- **6,37,095** शहरी घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग **₹350 करोड़ सब्सिडी** के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।
- करीब **40 लाख** घरेलू उपभोक्ता को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर:
1912/1800-123-8745/1800-345-6570

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

BRIEF NEWS

डीजीपी के निर्देश पर आमलोगों की शिकायतों को सुनेंगे डीएसपी

RANCHI : आम लोगों के शिकायतों का त्वरित और प्रभावकारी तरीके से समाधान के लिए सभी जिला में जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित करने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने निर्देश दिया है। डीजीपी के निर्देश के बाद रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर सभी डीएसपी के बीच थाने का बंटवारा किया है। संबंधित थाना क्षेत्र के लोग डीएसपी के पास पहुंच कर अपनी शिकायत बतायेंगे, जिस पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए फोन नंबर, वाट्सएप नंबर और ई-मेल एड्रेस भी जारी की है। जन शिकायत कार्यक्रम 10 सितंबर को दिन के 11 बजे से 12 सितम्बर तक होगा।

मुख्यमंत्री से मिले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति

RANCHI : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

13 से रांची में मिडडर्माकॉन का आयोजन, जुटेंगे देश विदेश के हजारों डॉक्टर

RANCHI : रांची में 13 सितंबर से मिडडर्माकॉन का आयोजन होने जा रहा है। इसी आयोजन को लेकर शुक्रवार को आईएमए भवन में इंडियन एसोसिएशन ऑफ डमेटौलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट और लेप्रोलॉजिस्ट ने प्रेसवार्ता की। संस्था के चेयरमैन डॉ प्रभात कुमार ने जानकारी दी कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन होटल बीएनआर चाणक्य में किया जाएगा। जिसमें देशभर से 1000 से अधिक त्वचा रोग विशेषज्ञ भाग लेंगे। उन्होंने कहा यह त्वचा रोग विशेषज्ञों का सबसे बड़ा सम्मेलन है और हमें यह घोषणा करते हुए गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है कि पहली बार झारखंड में इतने बड़े पैमाने पर इसका आयोजन किया जा रहा है। देश के कुछ बेहतरीन डॉक्टरों से बातचीत करके और त्वचा रोग के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के बारे में जानकर डॉक्टरों को बहुत लाभ होगा।

12 नेत्रदाताओं के परिवारों को किया गया सम्मानित

RANCHI : 39वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत क्षेत्रीय नेत्र संस्थान रिम्स में नेत्रदाता परिवार सम्मान समारोह का न्यू ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाएं के निदेशक प्रमुख डॉ चन्द्र किशोर शाही विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में 12 नेत्रदाताओं के परिवारों को सम्मानित किया गया, जिनमें अदम्य साहस दिखाते हुए अपने प्रियजनों के नेत्र दान कर के किसी के जीवन को रौशन किया है। साथ ही नेत्रदान जैसे महादान में कई लोग अहम भूमिका निभाते हैं। जैसे पुलिस, ग्रीफ काउंसलर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ, लैब तकनीशियन, वार्ड बॉय, ट्रॉलीमैन, उन सभी को इस नेक कार्य में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

जलस्रोतों को संरक्षित व अतिक्रमण मुक्त करने से जुड़ी याचिका पर हुई सुनवाई

बड़ा तालाब की लगातार सफाई पर ध्यान दे सरकार : हाईकोर्ट

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट ने रांची में जल स्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने बड़ा तालाब में फिर से बदबू आने को गंभीरता से लेते हुए मौखिक कहा कि सरकार को बड़ा तालाब की लगातार सफाई पर पूरा ध्यान देना चाहिए।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम से पूछा कि रांची के बड़ा तालाब से फिर बदबू क्यों आ रही है? इसके आसपास के सभी नाली केगंदे पानी को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से क्यों नहीं जोड़ा गया है?

कोर्ट में उपस्थित हुए जेएसएससी के अध्यक्ष

शुक्रवार को हाईकोर्ट की एकल पीठ में जेएसएसी के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सशरीर उपस्थित हुए। उन्होंने पीठ को बताया कि जेएसएससी ने हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर लिया है। जेएससीसी ने कल शाम ही स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 का 26 विषयों का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। याचिकाकताओं ने कोर्ट से कहा कि राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में कुछ गड़बड़ियां हैं, जिस पर कोर्ट ने याचिकाकताओं को अपनी आपत्ति पर संक्षिप्त शपथ पत्र दाखिल करने के लिए 18 सितंबर तक का समय दिया। साथ ही जेएसएससी को कोर्ट ने छूट दी है कि वह प्रति उत्तर 24 सितंबर तक दाखिल कर सकता है। कोर्ट ने अगली सुनवाई में 26 सितंबर में जेएसएससी अध्यक्ष की उपस्थिति को खत्म कर दिया।

सिर्फ बड़ा तालाब के बगल की एक नाली को वॉटर ट्रीटमेंट से जोड़ने से से काम नहीं चलेगा? बड़ा तालाब के आसपास के सभी नालियों को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़कर ट्रीटमेंट होने के बाद साफ पानी को बड़ा तालाब में जाने दिया जाए, ऐसी व्यवस्था रांची नगर निगम को सुनिश्चित करनी होगी। खंडपीठ ने मामले में रांची नगर निगम एवं नगर विकास विभाग को इन बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले भी खंडपीठ को बताया गया कि गर्मी में बड़ा तालाब में बदबू आना शुरू हुआ था। बड़ा तालाब से बदबू आने से वहां रहने वाले आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। रांची नगर निगम ने सफाई के नाम पर बड़ा तालाब में ई-बॉल डालने की बात कही थी लेकिन उसका भी कुछ असर नहीं हो रहा है। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि रांची शहर के कांके डैम, धुर्वा डैम और गेतलसूद डैम में पिछले 5 साल में पानी की स्थिति को लेकर झारखंड स्पेस एप्लीकेशन सेंटर की ओर से सर्वे किया जा रहा है।

प्रदर्शनी युवाओं के लिए प्रेरणादायक

भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम अद्वितीय : राज्यपाल

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, पराक्रम और अनुशासन अद्वितीय है। उन्होंने पूर्वी कमान को इसके आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी न केवल हमारी सेना के अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन है, बल्कि युवाओं के लिए अनुशासन और प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण स्रोत है। राज्यपाल मोरहाबादी मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सशक्त सेना-समृद्ध भारत प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारतीय सेना के तीनों अंग थल सेना, वायु सेना और नौसेना का सहभागिता करना सराहनीय है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को नवीनतम सैन्य उपकरण, हथियार और भारतीय सेना की बढ़ती ताकत को करीब से जानने का अवसर मिलेगा। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत हो रहे रक्षा क्षेत्र में देश की प्रगति का भी प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश आज हथियार के मामले में आत्मनिर्भर है। हमारे देश द्वारा अत्याधुनिक हथियार और उपकरणों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, लेफ्टिनेंट जनरल राम चन्द्र तिवारी, जीओसी-इन-सी, ईस्टर्न कमांड, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव पुरी, जीओसी, ब्रह्मास्त्र कोर, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, जीओसी, कॉकरेल डिवीजन सहित सेना के कई वरीय पदाधिकारी एवं सैन्य कर्मी तथा उनके परिवार के सदस्य, गणमान्य अतिथि एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

गवर्नर ने दी शुभकामनाएं

राज्यपाल ने कहा कि हम चैन की नींद इसलिए सो पाते हैं क्योंकि, हमारे वीर जवान दिन-रात सरहदों की रक्षा करते हैं। उन्होंने देश के उन सभी वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता अर्पित की जिन्होंने अपने साहस और बलिदान से देश की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। राज्यपाल ने सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारों के त्याग और समर्पण के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका अनुकरणीय योगदान देश को सशक्त और सुरक्षित बनाए रखता है। उन्होंने इस प्रदर्शनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी सेना में सेवा करने की भावना को जागृत करेगी और देशभक्ति तथा अनुशासन की भावना को और मजबूत करेगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों और आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कई सेना द्वारा प्रदर्शित साहसिक गतिविधियां और मोटर साइकिल डेयर डेविल्स शो ने दर्शकों का मन मोह लिया।

घर में घुसकर बुजुर्ग महिला से झपट ली सोने की चेन

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में स्नैचर्स अब घरों में घुस कर भी महिलाओं से चेन छीन ले रहे हैं और फरार भी हो जा रहे हैं। अपराधी कितने बेखौफ है इसका अंदाजा सीसीटीवी फुटेज को देख कर लगा सकते हैं।

शुक्रवार की सुबह रांची के पंडरा इलाके में एक बुजुर्ग महिला से उनके घर में घुस कर अपराधियों ने उनकी सोने की चेन छीन ली। रांची में स्नैचरों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि अब वे घर - दुकान में घुस कर भी महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला रांची के पंडरा थाना क्षेत्र का है। यहां 65 साल की बुजुर्ग महिला मंजू सिंह से उस समय अपराधियों ने सोने की चेन छीन ली जब वे अपने घर के बाउंड्री वाल के अंदर स्थित पशु आहार दुकान में झाड़ू लगा रही थी। मंजू सिंह ने बताया कि दो की संख्या में आए मोटरसाइकिल सवार चैन स्नैचरों में से एक उनके घर के अंदर आया और कैल्सियम की दवा मांग उन्हें अपनी बातों में उलझाया और मौका पाकर सोने की चेन झपट फरार हो गया। बुजुर्ग महिला मंजू सिंह ने दुकान से बाहर आकर शोर भी मचाया लेकिन तब तक दोनों अपराधी मौके से फरार हो चुके थे।

दिउड़ी मंदिर में तालाबंदी करने वालों की गिरफ्तारी की मांग, बंद रहा बुंडू व तमाड़

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के तमाड़ स्थित दिउड़ी मंदिर ट्रस्ट के गठन के विरोध में हिंदू और आदिवासी संगठन आमने सामने हैं। ग्रामीणों ने गुरुवार को मंदिर में ताला जड़ दिया था। जिसके विरोध में विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को तमाड़ और बुंडू बंद का आह्वान किया है।

शुक्रवार को बंद के आह्वान की घोषणा के बाद से बुंडू और तमाड़ में बंद का असर देखने को मिला। बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की ज्यादातर दुकान बंद है जबकि तमाड़ क्षेत्र भी पूरी तरह बंद है। बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और जो दुकानें बंद नहीं थीं, उनसे बंद का समर्थन करने को कहा गया। सड़कों पर बंद कराने वालों की मांग है कि मंदिर में ताला लगाने वालों की गिरफ्तारी हो नहीं तो आज बुंडू और तमाड़ बंद है कल पूरा झारखंड बंद रहेगा। बुंडू और तमाड़ में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, सभी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहीं। लोगों ने मंदिर में ताला लगाने वालों के खिलाफ नारेबाजी कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की। दरअसल यह मामला पिछले तीन दिनों से सुर्खियों में बना हुआ है। रांची के तमाड़ स्थित प्रसिध्द दिउड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर गुरूवार को आदिवासी समूह द्वारा ताला लगा दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा समझा-बुझाकर ताला को खुलवाया गया। लेकिन अगले ही दिन यानी शुक्रवार को मंदिर में ताला लगाने वालों के खिलाफ लोग सड़क पर उतर आए हैं और गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। यह मंदिर इसलिए भई चर्चा में है क्योंकि इस मंदिर से भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी का गहरी आस्था है। वे जब भी रांची जाते हैं इस मंदिर पर पूजा करते हैं। लेकिन पिछले तीन दिनों से यह मंदिर सुर्खियों में बना हुआ है। मंदिर के ट्रस्ट के गठन के विरोध में हिन्दू और आदिवासी संगठन आमने सामने हैं।

जुलूस निकालते लोग। ● फोटोन न्यूज

जदयू ने बुलाई कार्यसमिति की बैठक, राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी होंगे शामिल

RANCHI : झारखंड में जदयू अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। हालत यह है कि पार्टी के पास ना तो अपना चुनाव चिन्ह है और ना ही संगठनात्मक मजबूती। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। एनडीए फोल्डर में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे झारखंड जदयू ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर प्रदेश कार्यसमिति की आवश्यक बैठक बुलाई है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरु महतो के अनुसार यह बैठक सामान्य से अलग होगी जिसमें पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, श्रवण कुमार जैसे नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी।

मुख्यमंत्री ने मिलने आए लोगों की सुनी समस्याएं

लोगों की समस्या सुनते सीएम हेमंत सोरेन। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को अपने कांके रोड स्थित आवास पर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसे दूर करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। जानकारी के मुताबिक सुबह में 24 लोग मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। सभी को आवास के भीतर ले जाया गया और इसकी जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने अलग-अलग लोगों से मुलाकात की। उनके आवेदन देखे और कार्रवाई का निर्देश दिया, जो लोग आवेदन लेकर नहीं आये थे, उनकी बातों को सुनकर अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया।

कांग्रेस के झारखंड सह प्रभारी सप्तागिरी शंकर व डॉ. वेला प्रसाद पहुंचे रांची

RANCHI : कांग्रेस के झारखंड सह प्रभारी सप्तागिरी शंकर उल्का और डॉक्टर वेला प्रसाद शुक्रवार को रांची पहुंचे। रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेताओं ने पुष्प गुच्छ देकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मौके पर मदन मोहन शर्मा, संजय लाल पासवान, कुमार राजा, राकेश किरण महतो, सतीश पौल मुजनी, विनय सिन्हा दीपु,रमा खलखो सहित अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं दूसरी ओर दोनों झारखंड सह प्रभारी सिमडेगा के लिए रवाना हो गए। वहां दोनों जिला कांग्रेस कमेटी ,प्रखंड, मंडल पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी अग्रणी संगठन और प्रमुख कांग्रेस नेताओं के संवाद आपके साथ कार्यक्रम में भाग लेंगे।

बड़ी संख्या में कांके के किसानों ने ली बेहतर जैविक खेती करने की ट्रेनिंग

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को कांके प्रखंड क्षेत्र के खटंगा गांव में परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी रांची की ओर से किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। कम लागत में उत्पादन से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। जैविक खेती करने का तौर-तरीका भी बताया गया। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने कहा कि जैविक खेती एक शून्य बजट की खेती है। इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अमन कुमार, कांग्रेस नेता जमील अख्तर, क्षेत्र पदाधिकारी मोतीउर रहमान, रीता देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी, उनिता देवी, मेघनाथ महतो, अनिता देवी सहित लगभग 200 किसान उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं। ● फोटोन न्यूज

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव ने पीएम आवास योजना के लक्ष्य को पूरा करने का दिया निर्देश

लाभुकों को ऋण नहीं दिए जाने पर जताई नाराजगी

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को प्रमुख अग्रणी बैंकों द्वारा ऋण नहीं दिये जाने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक तक लक्ष्य हर हाल में पूरा कर लिया जाये।

बैंकर्स आवासीय उप समिति की बैठक करते नगर विकास के प्रधान सचिव सुनील कुमार व अन्य। ● फोटोन न्यूज

सुनील कुमार ने शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में राज्य स्तरीय बैंकर्स आवासीय उप समिति की बैठक में यह निर्देश दिया। बैठक में राज्य के सभी बैंकों द्वारा गृह ऋण स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बैंकों के द्वारा हाउसिंग फाइनेंस विशेष कर प्राथमिकता क्षेत्र में किये जा रहे निम्न स्तरीय प्रदर्शन पर प्रधान सचिव द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया एवं सभी बैंकों को निर्देश दिया गया कि अगली बैठक में लक्ष्य एवं उपलब्धि विषय पर समीक्षा की जायेगी। प्रदर्शन में सुधार नहीं होने पर वित्त विभाग को सूचित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लाभुकों विशेष कर पांच लाख से नीचे के गृह ऋण स्वीकृति में बैंकों की कोई रुचि नहीं है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की किफायती आवास परियोजनाओं के इच्छुक लाभुकों के निकायवार गृह ऋण आवेदन की स्वीकृति एवं लंबित आवेदनों की समीक्षा विशेष तौर पर की गई। सुनील कुमार ने कहा कि राज्य के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ इंडिया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा द्वारा अभी तक योजनान्तर्गत एक भी गृह ऋण की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है जो अत्यंत खेदजनक है। एकमात्र केनरा बैंक द्वारा 1200 लाभुकों को राज्य में गृह ऋण प्रदान किया गया है। प्रधान सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी सम्बंधित बैंक एक माह में सभी जमा आवेदनों की समीक्षा करें एवं आवश्यक कारवाई करें और गृह ऋण के कार्य में प्रगति लायें। उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय बैंकों के लिए अलग से लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। सभी निकाय बैंकों से समन्वय कर आवास मेला का आयोजन करें एवं लाभुकों को गृह ऋण स्वीकृति प्रदान करायें। इसके अलावा दीनदयाल योजनाझराष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं पीएम स्वानिधि योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों एवं फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति में बैंकों के प्रदर्शन एवं सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। प्रधान सचिव द्वारा पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा 5088 स्वीकृत ऋण को लाभुकों को वितरण करने का निर्देश दिया गया।

सड़क निर्माण कार्य में लेवी मांगने व जान से मारने के आरोप में एक गिरफ्तार

RANCHI : रांची के सिकिदिरी थाना पुलिस ने भारत माला सड़क निर्माण कार्य में लेवी की मांग करने और जान से मारने एवं दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी का नाम टिंकु साव उर्फ माही प्रसाद है। वह रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र के साकुल का रहने वाला है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गत छह मार्च को बिहार के पटना निवासी अमरेश कुमार ने थाने में दो अज्ञात अपरारधियों के खिलाफ भारत माला सड़क निर्माण कार्य में लेवी की मांग करते हुए जान से मारने एवं दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग करने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था।

चोर गिरोह का खुलासा, छह अरेस्ट, आठ बाइक बरामद

मीडिया को जानकारी देते एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : रांची की ओरमांझी थाना पुलिस ने चोरी के छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से चोरी की आठ बाइक बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों में रामगढ़ जिले के बडकी कुन्दरु निवासी साजीद अंसारी, हारुण अंसारी, आलम अंसारी, आफताब अंसारी और रामगढ़ के सुगिया महुआ टोंगरी निवासी कलीम अंसारी, आजाद अंसारी शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर अलग-अलग कंपनी के आठ चोरी की बाइक और दो मास्टर चाभी बरामद किये गये हैं। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ की ओर से कुछ अपराधी अपराध करने के नीयत से ओरमांझी की ओर आ रहे है। सूचना के बाद डीएसपी सिल्ली के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के जरिये सशस्त्र बल के साथ उकरीद मोड़ पर वाहन चेकिंग शुरू की गयी। इसी क्रम में रामगढ़ की ओर से दो बाइक पर छह व्यक्ति सवार होकर आ रहे थे।

Ranchi • Saturday, 07 September 2024 • Year : 02 • Issue : 230 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज
Published from Ranchi

गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं

SHARE

सेंसेक्स	:	81,183.93
निफ्टी	:	24,852.15

SARAFA

सोना	:	6,890
चांदी	:	90.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

कांग्रेस में शामिल हो गए विनेश फोगाट व बजरंग

RANCHI : शुक्रवार को दिग्गज रेसलर विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल हो गए। सियासी गलियारे में यह चर्चा है कि विनेश का जुलाना सीट से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है। बजरंग के भी चुनाव लड़ने की अटकलें हैं। इससे पहले दोनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से उनके आवास पर मिले और फिर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे। बता दें कि राज्य में एक फेज में 5 अक्टूबर को वोटिंग है। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा। कांग्रेस में शामिल होने से पहले विनेश और बजरंग ने रेलवे की नौकरी छोड़ दी। दोनों ओएसडी स्पोर्ट्स के पद पर थे। विनेश फोगाट ने कहा- बुरे टाइम पर पता लगता है कि साथ में कौन है।

पूर्व प्रिंसिपल के 6 ठिकानों पर ईडी ने मारी रेड

KOLKATA : शुक्रवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के 6 ठिकानों पर ईडी ने रेड मारी। अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी के आरोपों पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर यह कार्रवाई की। इससे पहले सीबीआई इसी मामले में भ्रष्टाचार के आरोप पर घोष को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने सुबह घोष के बेलियाघाटा स्थित घर और उनके करीबियों के हावड़ा और सुभाषग्राम स्थित दो ठिकानों पर छापेमारी की।

देश में 2 महीने में रेप के 149 केस आए सामने

NEW DELHI : कोलकाता में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के बाद से ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बीच मीडिया एजेंसी ने खुद की खबरों के हवाले से देशभर में रेप केसेस की एक रिपोर्ट जारी की। यह आंकड़ा 1 जुलाई से 31 अगस्त के बीच का है। 18 साल से छोटी बच्चियों के साथ सबसे अधिक रेप केस इस रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 2 महीने में देश में 149 रेप केस दर्ज हुए हैं।

'सशक्त सेना, समृद्ध भारत' प्रदर्शनी में जवानों का हैरतअंगेज करतब

राजधानी के मोरहाबादी मैदान में बड़े उत्साह के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम

राज्यपाल ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन, रक्षा राज्य मंत्री थे मौजूद

भारतीय वायु सेना के हॉक जेट्स ने दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राजधानी में पूर्वी कमान की ओर से आयोजित 'सशक्त सेना, समृद्ध भारत' प्रदर्शनी मोरहाबादी मैदान में बड़े उत्साह के साथ शुरू हो गया। इसमें भारतीय जवानों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाए। 6 से 8 सितंबर 2024 तक चलने वाली तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। मौके पर माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने दिल को थाम लेने वाले स्टंट दिखा कर सभी का दिल जीत लिया। हेलीकॉप्टरों के फ्लाईपास्ट के बाद भारतीय वायु सेना के हॉक जेट्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैन्य बैंड ने मार्शल धुनों के साथ समारोह को और भी आकर्षक बना दिया।

पेज 03 भी पढ़ें।

नई पीढ़ी के लिए अत्याधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी

प्रदर्शनी में रांचीवासियों को अत्याधुनिक सैन्य हथियारों और उपकरणों की प्रदर्शनी देखने का मौका मिला, जिसमें भारतीय सैन्य बलों के शोर्य और पराक्रम को दशार्या गया है। प्रदर्शनी में नई पीढ़ी के उन्नत हथियार शामिल हैं, जैसे सिग सॉयर और एके 203 राइफल्स, नेगेव लाइट मशीन गन, इन्फेंट्री मोर्टार, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल और लोइटर म्यूनिशन सिस्टम, लॉन्ग रेंज आर्टिलरी गन, बोफोर्स और अल्ट्रा लाइट होवित्जर, एंटी एयरक्राफ्ट गन और एयर डिफेंस रडार भी प्रदर्शित किए गए हैं। निगरानी से लेकर रसद तक की क्षमताओं वाले सैन्य ड्रोनों की एक विस्तृत श्रृंखला ने स्वदेशी तकनीकी कौशल और आत्मनिर्भरता का प्रदर्शन किया। सैन्य बलों की गतिविधियों और उपकरणों का अनुभव देने के लिए विशेष स्टाल बनाए गए हैं।

कैबिनेट ने दी हरी झंडी, अन्य 62 प्रस्तावों को भी मिली मंजूरी

एसटी-एससी विद्यार्थियों के लिए बनाए जाएंगे 1048 बेड के दो हॉस्टल

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की मीटिंग में 63 प्रस्तावों हरी झंडी दी गई। रांची में एसटी के विद्यार्थियों के लिए 520 बेड के छात्रावास और एससी के लिए 528 बेड के छात्रावास निर्माण की मंजूरी दी गई। यह छात्रावास करम टोली स्थित जी-6 और गर्ल्स का जी-7 फ्लोर का वीमेंस कॉलेज में बनेगा। पोषण योजना 2024 के अंतर्गत छात्रावासों में गैर सरकारी संस्थान जो सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत वह चयनित हो सकती थी, उसे अब संशोधित करते हुए उसके अतिरिक्त कंपनी एक्ट के तहत जो गठित समिति है, वह एनआरएलएम के तहत स्वयं सहायता समूह भी भाग ले सकती हैं। जेपीएससी द्वारा आयोजित किए गए परीक्षा और साक्षात्कार के मूल्यांकन में आमंत्रण विशेषज्ञ यात्रा भत्ता मुद्रण भत्ता के लिए 29 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई।

- लड़कों का जी-6 व गर्ल्स का जी-7 फ्लोर का वीमेंस कॉलेज में बनेगा छात्रावास
- मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत खर्च की राशि में होगी बड़ी वृद्धि
- आमंत्रण विशेषज्ञ यात्रा भत्ता मुद्रण भत्ता के लिए 29 लाख रुपये की स्वीकृति
- सहायक पुलिसकर्मियों को अब ₹13000 का मिलेगा मानदेय

पालना योजना को भी दी गई स्वीकृति



आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के लिए निर्गत आय और परिसंपत्ति की वैधता एक वर्ष तक करने की स्वीकृति दी गई है। पूर्व में यह कैलेंडर वर्ष के अनुसार रहता था। राज्य सजा पुनरीक्षण के द्वारा किसी बंदी की सजा को नामंजूर कर देने के बाद फिर से 1 वर्ष के बाद ही उपस्थित करने का प्रावधान था। उसमें अब संशोधित किया गया। अब अगर किसी बंदी की रिहाई के लिए एक या एक से अधिक बार नामंजूर कर दिया गया है, तो उसका विचार फिर से किया जा सके। केंद्र पर आयोजित पालना योजना को स्वीकृति दी गई है।

नियमित रूप से संचालित होंगे 22 फास्ट ट्रैक कोर्ट

झारखंड में 22 फास्ट ट्रैक कोर्ट को नियमित रूप से संचालित किया जाएगा और केंद्र प्रायोजित फास्ट ट्रैक कोर्ट से एग्जिट होने का सरकार ने निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से निजी स्कूलों में भी पढ़ रही आर्थिक रूप से कमजोर आरक्षित वर्ग लड़कियों को भी जोड़ने का फैसला लिया। इस योजना का लाभ आठवीं की लड़कियों को मिलेगा। उन्हें 2500 की स्कॉलरशिप मिलेगी। 232 करोड़ की लागत से छतरपुर-हरियाणा जलापूर्ति योजना की मंजूरी दी गई। कल्याण विद्यालय अंतर्गत अमावस्या विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक शिक्षकों का अवधि विस्तार मार्च 2025 तक अथवा नियमित नियुक्ति होने तक कर दिया गया है। झारखंड राज्य के सरकारी स्कूल में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं की पोशाक की राशि दो सेट के लिए 600 से बढ़ा कर 1200 तक कर दी गई है। वन भूमि के सीमांकन में सर्वे के लिए गाइडलाइन बना। पीएचडी में प्रवेश के लिए जेट एग्जाम रूल में संशोधन किया गया। अब कंप्यूटर बेस्ड या ओएमआर मोड दोनों से परीक्षा हो सकेगी। राज्य के 38432 आंगनबाड़ी केंदों में शौचालय निर्माण के लिए 35409 रुपये और पेयजल के लिए 20741 रुपये दिए जाएंगे।

टीआरएल के लिए निकला आवेदन, इंटरव्यू में बुलाए गए संताली उम्मीदवार

महिला विवि

ANAND MISHRA @ JSR : जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली से अलग शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया का संचालन कर रहा है। इसमें जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं के उम्मीदवारों के साथ हकमारी की जा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि निजी संस्थानों में स्थानीय उम्मीदवारों को 75 फीसद आरक्षण दिलाने का दावा करने वाली पूरी सरकारी मशीनरी चुपचाप पूरी अनियमितता देखकर बर्दाश्त कर रही है।

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की लिस्ट में टीआरएल और संताली अलग-अलग विषय

कुछ ऐसा है मामला

वीमेंस यूनिवर्सिटी में आवश्यकता आधारित शिक्षकों के रिक्त पदों पर बहाली के लिए गत 9 मार्च 2024 को आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया। इसमें टीआरएल के अंतर्गत एक पद पर रिक्ति दिखाई गई। वहीं साक्षात्कार के लिए 21 अगस्त 2024 को निकाली गई अधिसूचना में टीआरएल के आगे संताली लिख दिया गया। स्पष्ट है कि विश्वविद्यालय की ओर से बहाली की प्रक्रिया में गुपचुप तरीके से बड़ा खेल कर दिया गया।



क्या कहती है विवि अनुदान आयोग व झारखंड सरकार की नियमावली

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नियमावली के अनुसार टीआरएल और संथाली को अलग-अलग विषय के रूप में मान्यता दी गगई है। यूजीसी की लिस्ट में जहां संथाली विषय की क्रमांक संख्या 95 है। वहीं टीआरएल को क्रमांक संख्या 70 पर रखा गया है। झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की 21 फरवरी 2024 की अधिसूचना में भी संताली (क्रमांक 33) और टीआरएल (क्रमांक 36) अलग-अलग विषय हैं। जाहिर है कि टीआरएल के अंतर्गत संताली भाषा शामिल नहीं है। टीआरएल के तहत हो, कुड़माली, खड़िया, कुड़ुख, मुंडारी, खोरठा, नागपुरी और पंच परगनियां भाषाएं ही हैं। इस तरह विश्वविद्यालय ने टीआरएल के नाम पर संताली उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाकर दूसरी जनजातीय व क्षेत्रीय भाषाओं का हक मार लिया। वीमेंस यूनिवर्सिटी ने यह हकमारी तब की है जबकि जनसंख्या के हिसाब से जमशेदपुर के आसपास टीआरएल भाषा बोलने वाली छात्राओं की संख्या कहीं ज्यादा है। ऐसा लगता है कि विश्वविद्यालय अधिकारी या तो नियमावली को पढ़ नहीं रहे या पढ़कर भी उसका अनुपालन जरूरी नहीं मानते।

मणिपुर में एक दिन में दो बार हमला, पहले हमले में दो इमारतें क्षतिग्रस्त

उग्रवादी समूह का रॉकेट बम से अटैक, एक की मौत

अब एंटी-ड्रोन मशीन गन का किया जाएगा इस्तेमाल, केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

- मई 2023 से जारी है हिंसा
- केंद्रीय बलों की 198 कंपनियां मौजूद
- 17 परिवार गांव छोड़कर भागे
- अलग कुकीलैंड की मांग का सवाल

AGENCY IMPHAL : शुक्रवार को मणिपुर के विष्णुपुर में उग्रवादी समूह ने रॉकेट बम से हमला किया। इसमें 1 बुजुर्ग व्यक्ति की मौत और 1 बच्चे सहित 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, बुजुर्ग व्यक्ति अपने घर पर धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी कर रहा था, तभी बम गिरा। यह एक दिन में दूसरा रॉकेट बम हमला है। इसे स्थानीय लोगों ने खुद बनाया था। इससे पहले सुबह में मोइरंग से 4 किलोमीटर दूर ट्रोंगलाओबी इलाके में रॉकेट बम गिर था। इसमें दो इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने बताया कि मोइरंग में पहले कभी बंदूक और बम से हमला नहीं हुआ था। इस हमले के बाद से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। मणिपुर सरकार ने इन ड्रोन अटैक की जांच करने के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन किया है। दूसरी और केंद्र सरकार ने पहली बार मणिपुर में एंटी ड्रोन मीडियम मशीन गन के इस्तेमाल की इजाजत दे दी है। यह फैसला 1-3 सितंबर के बीच राज्य में दो ड्रोन हमलों के बाद लिया गया है। राज्य में मार्च 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा चल रही है।

हेमंत ने पत्नी कल्पना संग फोटो शेयर कर दी हरतालिका तीज की बधाई : शुक्रवार को हरतालिका तीज के अवसर पर राज्य के सीएम हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ फोटो शेयर की। हेमंत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर पत्नी को हरतालिका तीज की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, हरतालिका तीज पर प्रदेश की सभी बहनों/माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं। यह त्योहार दांपत्य प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि आपकी जीवनसंगिनी का त्याग और समर्पण एक सुखी परिवार की नींव है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने जल संरक्षण पर तत्काल कार्यवाही का किया आह्वान

जल व प्रकृति संरक्षण सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा

कहा- जल संरक्षण केवल नीतियों का मामला नहीं है, बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता भी

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जल और प्रकृति संरक्षण भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। उन्होंने जल संरक्षण पर तत्काल कार्यवाही का आह्वान किया। जल से संबंधित मुद्दों के संबंध में ह्यराष्ट्र के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए कम करें, पुन: उपयोग करें, पुन: रिचार्ज करें और पुन: चक्रित करेंह्व के मंत्र को अपनाने पर जोर दिया। पीएम गुजरात के सूरत में जल संचय जन भागीदारी पहल के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण पर कहा कि जल को तभी बचाया जा सकता है, जब इसका दुरुपयोग बंद हो, खपत कम हो, जल का पुन: उपयोग हो, जल स्रोतों को पुन: रिचार्ज किया जाए और दूषित जल को पुन: चक्रित किया जाए।

- सूरत में जल संचय जन भागीदारी पहल के शुभारंभ कार्यक्रम को किया संबोधित
- जल को तभी बचाया जा सकता है, जब बंद हो इसका दुरुपयोग

आनेवाली पीढ़ियां करेंगी मूल्यांकन

प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण सिर्फ नीति नहीं है, यह एक प्रयास भी है और एक गुण भी है। इसमें उदारता भी है और जिम्मेदारी भी। मोदी ने कहा, जल वह पहला मापदंड होगा, जिसके आधार पर हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमारा मूल्यांकन करेंगी।

भारत में केवल 4% ताजा पानी

प्रकृति और जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया के ताजा पानी का केवल 4 प्रतिशत मौजूद है। उन्होंने कहा, भले ही देश में कई शानदार नदियां हैं, लेकिन बड़े भौगोलिक क्षेत्र पानी से वंचित हैं और भूजल स्तर भी तेजी से घट रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन के साथ-साथ पानी की कमी ने लोगों के जीवन पर बहुत बड़ा असर डाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जल संरक्षण केवल नीतियों का मामला नहीं है, बल्कि सामाजिक प्रतिबद्धता का भी मामला है। उन्होंने जागरूक नागरिक, जन भागीदारी और जन आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अतीत में भले हजारों करोड़ रुपये की जल-संबंधी परियोजनाएं शुरू की गई हों, लेकिन परिणाम पिछले 10 वर्षों में ही दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नागरिकों से एक पेड़ लगाने की अपील का जिक्र करते हुए कहा कि वनरोपण से भूजल स्तर तेजी से बढ़ता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले कुछ हफ्तों में एक पेड़ मां के नाम के तहत करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। मोदी ने ऐसे अभियानों और संकल्पों में जन भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि 140 करोड़ नागरिकों की भागीदारी से जल संरक्षण के प्रयास एक जन आंदोलन में बदल रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर विस चुनाव के लिए बीजेपी का घोषणा पत्र जारी

5 लाख रोजगार, हर साल 2 फ्री सिलेंडर

अमित शाह बोले- कभी नहीं होगी 370 की वापसी जम्मू में बनाया जाएगा स्पेशल इकोनॉमिक जोन

AGENCY SRINAGAR : शुक्रवार को भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी कर दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कॉलेज छात्रों को हर साल 3 हजार रुपये यातायात भत्ता दिया जाएगा। 10वीं क्लास में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को टेबलेट और लैपटॉप मिलेगा। उन्होंने कहा, 5 लाख रोजगार दिए जाएंगे। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हर साल 2 फ्री एलपीजी सिलेंडर दिया जाएगा। अटल आवास योजना के जरिए भूमहीन लोगों को 5 मरला जमीन मुफ्त दी जाएगी। गृह मंत्री ने कहा- 370 हटने नहीं देंगे अमित शाह ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर भारत का है, था और रहेगा। 10 साल में राज्य का विकास हुआ है और रहा है। आज धारा 370 और 35 (ए) बीते दौरे की बात बन गई है। अब ये हमारे संविधान का हिस्सा नहीं है। ये सब पीएम नरेंद्र मोदी के ताकतवर फैसले से हुआ। धारा 370 इतिहास बन गई है। हम इसे कभी आने नहीं देंगे। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा की 90 सीटें हैं, जिनमें से 47 घाटी में और 43 जम्मू संभाग में हैं। प्रदेश में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में चुनाव होने हैं। नतीजे 8 अक्टूबर को आएंगे।

हिंदू पीठ में तीन दिवसीय गणपति महोत्सव आज से

बिष्टुपुर स्थित खरकई पुल के पास हिंदू पीठ में शनिवार से तीनदिवसीय गणपति महोत्सव प्रारंभ होगा। पीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने बताया कि यहां स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में गणपति महोत्सव 7 से 9 सितंबर तक संध्या 6.30 बजे गणपति की विशेष आरती होगी। इसके बाद 7 बजे से मंचीय कार्यक्रम एवं भजन और रात 8 बजे से महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड में कांग्रेस नेता समेत 5 गिरफ्तार

कांग्रेस के मानगो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर सिंह पर साजिश रचने का आरोप

- दो अगस्त की रात गोली मारकर कर की गई थी शक्तिनाथ उर्फ डब्ल्यू सिंह की हत्या

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: मानगो थाना अंतर्गत कृष्णा नगर में विगत 2 अगस्त को अपराधकर्मी अमरनाथ के भाई शक्तिनाथ सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने कांग्रेस नेता समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के मानगो प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर सिंह, गौड़ बस्ती निवासी मंटू सिंह सरदार उर्फ भूमिज, चरणजीत कुमार मोदक उर्फ काली, किशन नामता और महंती सिंह सरदार उर्फ छोटू शामिल हैं। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि शक्तिनाथ की हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई थी। उन्होंने बताया कि अमरनाथ ने क्षेत्र में वैध और अवैध जमीन पर कब्जा कर रखा था। देवघर में अमरनाथ की हत्या के बाद उन सभी जमीन पर शक्तिनाथ ने कब्जा जमा लिया। ईश्वर सिंह ने कब्जा की गई जमीन के एवज में प्रति कट्ठा 50 हजार रुपये की मांग की थी। शक्तिनाथ ने इस डील को स्वीकार नहीं किया था। इसी बीच ईश्वर ने मंटू समेत अन्य को 10 हजार रुपये प्रति कट्ठा देने को बात कही थी। अवैध कब्जे वाली सभी जमीन पर शक्तिनाथ का कब्जा था, इसीलिए साजिश के तहत शक्तिनाथ की हत्या कर दी गई।

अमरनाथ ने ईश्वर को दे रखी थी दुकान

एसएसपी ने बताया कि अमरनाथ और ईश्वर पूर्व में जमीन के धंधे में एक साथ काम करते थे। अमरनाथ ने ईश्वर को कांग्रेस कार्यालय खोलने के लिए एक दुकान दे रखी थी। अमरनाथ के मरने के बाद शक्तिनाथ और ईश्वर के बीच कार्यालय को लेकर विवाद हो गया था। घटना के दिन भी दोनों पक्ष के बीच झड़प हुई थी। उसके बाद मंटू अपने घर से हथियार लेकर आया और शक्तिनाथ की गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी ने बताया कि इस घटना में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी, मामले की जानकारी देते एसपी मुकेश लुणायत

नेपाल भागने वाला था कुख्यात संतोष थापा मोबाइल से पकड़ाया

- लोगों का खौफ दूर करने के लिए पुलिस ने हथकड़ी लगाकर सड़क पर घुमाया
- दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से दो अगस्त को पुलिस ने किया था गिरफ्तार

SARAIKELA : सरायकेला-खरसावां जिले के कुख्यात अपराधी संतोष थापा को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। यह जानकारी एसपी मुकेश लुणायत ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि संतोष थापा दिल्ली से गाजियाबाद और फिर नेपाल के काठमांडू भागने वाला था। वह गिरोह के सदस्य सुभाष प्रमाणिक का इलाज कराने के लिए रुपये जमा कर रहा था। उसे सुभाष के इलाज के लिए तीन लाख रुपये की जरूरत थी। बीते दिनों पुलिस ने आदित्यपुर जयप्रकाश उद्यान के पास से गुड्डू पांडेय को हथियार के साथ गिरफ्तार किया था। गुड्डू ने भी सुभाष के इलाज के लिए संतोष को 30 हजार रुपये की मदद की थी। वर्ष 2020 में हुई एक हत्या मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी। संतोष के खिलाफ कोर्ट से वारंट भी निर्गत था। इससे पूर्व पुलिस ने लोगों का खौफ दूर करने के लिए संतोष को हथकड़ी लगाकर आदित्यपुर की सड़कों पर पैदल घुमाया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि गाड़ी खराब होने की वजह से उसे सड़क पर पैदल घुमाया गया। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पुलिस ने उसे दो अगस्त को उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट से दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा था। संतोष थापा से पूछताछ में कई नाम सामने आए हैं, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

फिल्मी अंदाज में पुलिस ने किया गिरफ्तार

एसपी ने बताया कि पुलिस ने जब गुड्डू पांडेय को गिरफ्तार किया, तो उससे पूछताछ में संतोष के बारे में जानकारी मिली। पुलिस को एक नंबर मिला, जो संतोष का था या नहीं, इसे लेकर संशय था। इसके बाद पुलिस ने नंबर को ट्रेस किया। उस नंबर का लोकेशन बागडोगरा एयरपोर्ट में दिखा। नंबर कई बार बंद और चालू हो रहा था। पुलिस यहां भी अंधेरे में तीर मार रही थी। हालांकि संतोष के लिए पुलिस को एक ही लीड मिली थी, जिसे पुलिस गंवाना नहीं चाहती थी। बागडोगरा एयरपोर्ट से जितनी भी फ्लाइट उड़ान भरने वाली थी, उस पर पुलिस ने नजर रखी। एसपी मुकेश लुणायत ने बताया कि पुलिस ने कोलकाता एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ से मदद मांगी। दोपहर 3.30 बजे के बाद नंबर बंद हुआ, जो शाम को चालू हुआ। तब उसका लोकेशन दिल्ली एयरपोर्ट आया। इसके बाद सीआईएसएफ ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

समाचार सार

'दबिस्तान-ए-जमशेदपुर' में गुरु की हुई तारीफ

JAMSHEDPUR : शहर की साहित्यिक संस्था 'दबिस्तान-ए-जमशेदपुर' की ओर से शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शेरी नशिस्त (काव्य गोष्ठी) का आयोजन किया गया। इसमें शायरों ने गुरु की तारीफ में कसीदे पढ़े। इसकी अध्यक्षता शायर गौहर अजीज ने की। कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में ज्ञान और गुरु विषय पर चर्चा हुई। दूसरे सत्र में शायरों ने रचनाएं प्रस्तुत कीं, जिनमें सद्दाम गनी, सकलैन मुश्ताक, फरहान खान फरहान, शोएब अख्तर, सफदर हारून, सैफ अली सैफ, वालीउल्लाह वली, सफीउल्लाह सफी तथा सरफराज शाद आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन फरहान खान फरहान और धन्यवाद ज्ञापन शोएब अख्तर ने किया।

एमबीएनएस के छात्रों ने शिक्षकों का किया सम्मान

JAMSHEDPUR : एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं ने धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत, नृत्य, नाटक और भाषण के माध्यम से शिक्षकों का गुणगान किया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूशन्स के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, निदेशक अनुपा सिंह, प्राचार्या पिंकी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका भारती, भवतारण भकत, डॉली सिंह, मिली कुमारी व मधुसूदन महतो भी उपस्थित थे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष 9 को आएंगे शहर

JAMSHEDPUR : कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश 9 सितंबर को जमशेदपुर आएंगे। वे यहां बिष्टुपुर स्थित माइकल जॉन ऑडिटोरियम में जिला से बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। बिष्टुपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक पुस्तकालय) में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष दोपहर 3 बजे बिष्टुपुर स्थित खरकई पुल पहुंचेंगे। यहां से उन्हें जुलूस की शक्ल में माइकल जॉन आडिटोरियम तक लाया जाएगा। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष (नगर) धर्मेंद्र सोनकर, कार्यालय प्रभारी संजय सिंह आजाद व उदय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

पोखारी में दुर्गा पूजा के लिए हुआ भूमिपूजन

JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम जिला के पोखारी गांव में शुक्रवार को दुर्गा पूजा के लिए भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान ओडिशा और बंगाल के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें पारंपरिक नृत्य, संगीत और नाटक शामिल थे। भूमिपूजन के साथ ही पोखारी में उत्सव का माहौल शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने देवी दुर्गा की पूजा की तैयारी शुरू कर दी है। उत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

बच्चों के साथ ट्रेन से कटने जा रही थी महिला, लोगों ने बचाया

GHATSILA : मऊभंडार ओपी क्षेत्र अंतर्गत टुमांगडुरी निवासी एक महिला अपने पति से झगड़ा कर दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ शुक्रवार की शाम गोपालपुर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे ट्रेन से कटकर आत्महत्या करने जा रही थी, जिसे स्थानीय लोगों ने बचा लिया। दोनों मासूम बच्चे किनारे में रखा रेल पटरी पर बैठकर मां को देख रहे थे। इसी दौरान ओबरा ब्रिज से लेकर लालडीह रेलवे फाटक तक काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद महिला का पति राजू कुमार भी आ गया। मौके पर घाटशिला थाना की पुलिस भी पहुंची और दोनों पति-पत्नी को घर भेजा। पति-पत्नी का 2022 से ही किसी बात को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों एक दूसरे पर अवैध संबंध रखने का आरोप लगा रहे थे।

सीएम हेमंत 10 को आएंगे चांडिल

डोबो में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में होंगे शामिल

- कोल्हान आयुक्त व डीआईजी सहित तीनों जिलों के डीसी-एसएसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों को निर्देश देते डीसी रविशंकर शुक्ला

SARAIKELA : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 10 सितंबर को सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल आएंगे। वे चांडिल प्रखंड स्थित काजू मैदान, डोबो में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्ति तथा स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को प्रमंडलीय आयुक्त, कोल्हान हरिकुमार केसरी व डीआईजी कोल्हान मनोज रतन चौथे ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस मौके पर सरायकेला-खरसावां के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला, पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उपविकास आयुक्त (पूर्वी सिंहभूम) मनीष कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी सिंहभूम) आशुतोष शेखर, पुलिस अधीक्षक (सरायकेला-खरसावां) मुकेश कुमार लुणायत समेत अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, अस्थायी हेलीपैड, वाहन पार्किंग तथा यातायात परिचालन, कार्यक्रम स्थल तक आवागमन की अलग-अलग व्यवस्था आदि के संबंध में बिंदुवार चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त (कोल्हान) ने कहा कि कार्यक्रम को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें। उपायुक्त ने तैयारी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

चलती ट्रेन में दिव्यांग महिला से किया अप्राकृतिक यौनाचार

- आरपीएफ और टीटीई रहे गायब, यात्रियों की मदद से पकड़ाया आरोपी

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

CHAKRADHARPUR : दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में चलती ट्रेन में पैंट्रीकार के एक कर्मी द्वारा दिव्यांग महिला से अप्राकृतिक यौनाचार करने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद आरोपी रामजीत सिंह को यात्रियों ने पकड़ लिया। जैसे ही ट्रेन चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पहुंची, यात्रियों ने आरोपी और पीड़ित महिला को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। जीआरपी महिला के बयान पर मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि यह घटना उत्कल एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-3 के शौचालय में घटी है। पीड़िता ने बताया कि वह अपने 13 साल के बेटे के साथ भुवनेश्वर से झांसी जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी। इस दौरान उसके साथ पैंट्रीकार का कर्मचारी रामजीत सिंह गलत व्यवहार कर रहा था। वह शौच के लिए कोच के शौचालय में गई, तो वह पीछे-पीछे आ गया। उसने अकेला पाकर शौचालय का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद वह महिला के साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने महिला को पीटते हुए जबरन अप्राकृतिक यौनाचार किया। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी नशे में धुत्त था।

टेल्को फायरिंग में हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार

JAMSHEDPUR : टेल्को महानंद बस्ती में बीते सोमवार की रात को फायरिंग की घटना में सोनू कुमार घायल हो गया था। गोली सोनू के पैर को छूते हुए निकल गई थी। इस मामले में पुलिस ने सोनू समेत उसके साथी अमित चौधरी उर्फ बापी को गिरफ्तार किया है। दरअसल, दोनों ऑटो चालक कार्तिक गोप से पुराने विवाद का बदला लेने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कार्तिक के साथ छीनाझपटी में गोली चली, जिसमें सोनू घायल हो गया था। घटना के बाद सोनू को इलाज के लिए टाटा मोटर्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि घटना से एक दिन पहले अमित ने बस्ती के ही रहने वाले ऑटो चालक कार्तिक को ऑटो लेकर कहीं चलने को कहा था, पर कार्तिक ने मना कर दिया। इसी को लेकर सोमवार की रात अमित और सोनू रास्ते में कार्तिक को पीटने लगे। मारपीट के दौरान अमित ने हथियार निकाल लिया। अमित और कार्तिक के बीच छीनाझपटी हुई। इसी बीच गोली चली, जो सोनू के पैर में लगी।

मानगो फ्लाईओवर का निर्माण शुरू मंत्री बन्ना गुप्ता ने की पूजा-अर्चना

PHOTON NEWS JSR: स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री तथा जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के विधायक बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को मानगो में बनने वाले शहर के पहले फ्लाईओवर के पिलर संख्या 30 पर पूजा-अर्चना कर नींव कार्य का आरंभ किया। इस दौरान बन्ना गुप्ता ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि मानगो फ्लाईओवर का उद्देश्य जमशेदपुर, खासकर मानगो पुल पर लगने वाले जाम को नियंत्रित करना है। फ्लाईओवर 2.8 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर रहेगा वहीं इस फ्लाईओवर में चार-लेन और दो-लेन रहेंगे। मेन रोड के लिए रैंप कनेक्शन, स्वर्णरेखा नदी पर एक ओवरब्रिज और आधुनिक निर्माण तकनीक से इस फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए कुल अनुमानित लागत 252 करोड़ रुपये है, जबकि पूरी परियोजना के लिए 461 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इसका निर्माण कार्य 18 महीनों में पूरा होगा। मंत्री ने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने इस परियोजना को रोकने की कोशिश की, लेकिन जनता की जीत हुई। उन्होंने कहा कि मानगो फ्लाईओवर से मरीनड्राइव, डिमना, आजाद बस्ती, साकची, भुइयांडीह और बिष्टुपुर के निवासियों को लाभ होगा, यात्रा का समय, ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण कम होगा। मंत्री ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया, जिसमें साकची स्थित एमजीएम अस्पताल का पुनर्निर्माण, विश्वस्तरीय बस स्टैंड, 100 बेड के सीसीयू अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य परियोजनाएं शामिल हैं।

मानगो में ब्लू बेल्स स्कूल के पास पूजा करते मंत्री बन्ना गुप्ता ● फोटोन न्यूज

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- झामुमो बन गई है मियां-बीवी की पार्टी, बैनर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन हो गए गायब

झारखंड में अभी जदयू से नहीं है गठबंधन : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS JSR : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को शहर आए थे। बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में कोल्हान प्रमंडलीय बैठक में भाग लेने आए बाबूलाल ने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि अभी राज्य में भाजपा के साथ आजसू सहयोगी दल है। राज्य में जदयू के साथ गठबंधन नहीं है। केंद्र में जदयू सहयोगी दल है। झारखंड में जदयू के गठबंधन पर केंद्रीय नेतृत्व को निर्णय लेना है। ज्ञात हो कि जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय जदयू में शामिल हो गए हैं, इसलिए इस बात पर चर्चा हो रही है कि क्या झारखंड में भाजपा-जदयू साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। झामुमो पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि झामुमो अब मियां-बीवी की पार्टी बनकर रह गई है। बैनर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की तस्वीर नहीं लगाई जा रही है। बैनर में इन दिनों हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ही रहती हैं। एक बड़े आदिवासी नेता को बार-बार अपमानित करने और पार्टी को मियां-बीवी की पार्टी बना देने वाले हेमंत सोरेन अब संन्यास लेने के करीब पहुंच गए हैं। क्योंकि जमशेदपुर की इसी धरती से गत विधानसभा चुनाव से पूर्व शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर उन्होंने साल में 5 लाख नौकरी अथवा राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा सार्वजनिक मंच से की थी।

बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में पत्रकारों को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी

गोपाल मैदान में पीएम की सभा की तैयारी

बाबूलाल ने पार्टी की आगामी कार्ययोजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर में प्रस्तावित जनसभा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सरकारी कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे, भाजपा की ओर से आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की सफलता के लिए पार्टी विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारी कर रही है। कहा कि क्षेत्रफल के नजरिए से बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में ही सभा की तैयारी की जा रही है।

सम्मेलन में इनकी रही उपस्थिति : इस दौरान बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद बिद्युत बरण महतो, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, जमशेदपुर लोकसभा की क्लस्टर प्रमुख भावना बोहरा, प्रदेश महामंत्री सह सांसद प्रदीप वर्मा, प्रदेश महामंत्री सह सांसद आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बरकुंवर गागराई, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद, प्रदेश मंत्री मनोज महतो, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, सरायकेला-खरसावां अध्यक्ष उदय सिंहदेव, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष चंडीचरण साव, पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष संजू पांडेय समेत कोल्हान के सभी प्रमुख कार्यकर्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं अन्य मौजूद रहे।

जुस्को कर्मियों ने किया 175 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील यूआईएसएल (पूर्व नाम जुस्को) ने शुक्रवार को धतकीडीह स्थित जमशेदपुर ब्लड सेंटर में आयोजित रक्तदान शिविर के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस आयोजन में कर्मचारियों ने मिलकर कुल 175 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय भी उपस्थित थे। दान किया गया 175 यूनिट रक्त जमशेदपुर और आसपास के अस्पतालों में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होगा।

पोटका और जुगसलाई के विधायक ने बांटी परिसंपत्ति

योजना के शिविर में लाभुकों को संबोधित करते विधायक मंगल कालिंदी

JAMSHEDPUR : 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के 9 प्रखंडों के 14 पंचायत एवं 4 नगर निकायों में शिविर लगा। यहां पोटका के विधायक संजीव सरदार व जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने लाभुकों में परिसंपत्ति का वितरण किया। शिविर में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई कूप सर्वधन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने अलग अलग स्टॉल में लाभुक बड़ी संख्या में योजनाओं की जानकारी लेने एवं आवेदन जमा करने पहुंचे। कार्यक्रम में कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ऑन द स्पॉट भी दिया गया। उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिलेवासियों से पंचायत स्तरीय शिविर में भाग लेकर लाभ लेने की अपील की है।

घरेलू विवाद में दो बच्चों का अपहरण पुलिस ने दो घंटे में करा लिया मुक्त

छह आरोपी किए गए गिरफ्तार, बच्चे के परिवार में दहशत फैलाने के लिए किया अगवा

AGENCY PALAMU : पारिवारिक विवाद में भय का माहौल बनाने के लिए दो स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया गया। एक बच्चे को इसलिए अगवा किया गया, ताकि उससे दूसरे एवं मुख्य बच्चे का लोकेशन जानकर उसका अपहरण किया जा सके। सूचना के तुरंत बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बच्चे को जहां बरामद किया, वहीं 6 में से चार अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि घटना में इस्तेमाल दो मोटरसाइकिल और पांच मोबाइल फोन बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों में सदर थाना क्षेत्र के बड़कागांव के प्रशांत तिवारी पिता कौशल तिवारी, शहर थाना क्षेत्र के बारालोटा जनकपुरी के नीरज कुमार चन्द्रवंशी पिता राजकिशोर चन्द्रवंशी, जीएलए कॉलेज बारालोटा के कुंदन कुमार पांडे पिता नवल किशोर पांडे एवं पांकी रोड श्रीराम पथ चरकी भट्ठा के वैभव भाष्कर पिता विनय शुक्ला शामिल है। एसपी रीष्मा रमेशन ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पांच सितंबर को दोपहर 3.30 बजे सूचना मिली कि बारालोटा संतजेवियर स्कूल के 10वीं कक्षा के एक बच्चे का अपरहण कर लिया गया है। शिक्षक के सामने बच्चे को उठाने पर अपहरणकताओं ने उन्हें भी चुप रहने की धमकी दी। बाइक पर बैठाया और वहां से निकल गए। छात्र के मोबाइल फोन से दूसरे एवं मुख्य छात्र का लोकेशन पूछवाया। दूसरे छात्र का लोकेशन जानने के बाद पहले वाले छात्र को जीएलए कॉलेज के पास छोड़ दिया और दूसरे को कचहरी चौक से अपहरण कर लिया। एसपी ने बताया कि अपहरणकताओं की मंशा बच्चे को नुकसान पहुंचाना नहीं था। दरअसल आरोपियों में प्रशांत तिवारी के परिवार के साथ दूसरे बच्चे के परिवार से विवाद चल रहा था। बच्चे का अपहरण कर उस परिवार को दहशत में लाने की कोशिश की गयी थी। बच्चे को अपहरणकर्ता कुछ देर तक छुपाकर रखना चाहते थे। जैसे ही इसकी सूचना मिली त्वरित कार्रवाई करते हुए दूसरे बच्चे को बरामद किया गया और इस घटना में शामिल चार अपहरणकताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में शामिल अरोपियों का कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं रहा है। सभी 24-25 वर्ष के हैं। फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

आरोपियों व घटना की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन ● फोटोन न्यूज

डीसी के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई गुहार

HAZARIBAG : उपायुक्त नैन्सी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाया, जिसमें फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करने की गुहार लगाई। इसमें शहरी सहित विभिन्न प्रखंडों से 25 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए, जिनमें मकान मुआवजा, रोजगार, गंभीर बीमारी में मदद, ऑनलाइन रसीद, लंबित म्यूटेशन, प्रमाण पत्र, आवास, सेवानिवृति पावना, राशनकार्ड, बकाया मानदेय, अवैध कब्जा, अवैध कब्जा, धोखाधड़ी इत्यादि मामले शामिल रहे। उपायुक्त ने दूरदराज से आए ग्रामीणों से आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कई ऐसे मामले हैं, जिनका निपटारा स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है।

लातेहार : गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

घटनास्थल पर जुटी ग्रामीणों की भीड़ ● फोटोन न्यूज

LATEHAR : लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत नगड़ा गांव के पास गहरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हालांकि सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। जानकारी के अनुसार नगड़ा गांव निवासी रिशु कुमार (6), सूरज कुमार(6) और गोलू कुमार (7) आदि बच्चे गांव के पास ही रेलवे लाईन के निकट खेल रहे थे। इसी दौरान बच्चे पास में ही स्थित एक गहरे गड्ढे में गिर गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चों को ढूंढने का प्रयास किया, परंतु गड्ढा में पानी काफी अधिक था जिस कारण बच्चों का कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा था। बाद में डीजल पंप के माध्यम से गड्ढे के पानी को बाहर निकाला जाने लगा, इसके बाद तीनों बच्चों को बाहर निकाला जा सका। परंतु तब तक तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। इधर घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे लाइन निर्माण के दौरान ही यह गड्ढा किया गया था और इसे यूं ही छोड़ दिया गया था। इसी कारण आज इतनी बड़ी घटना हो गई।

BRIEF NEWS

ऑटो ड्राइवरों के बीच चला जांच अभियान 65 हजार वसूले गए

DHANBAD : डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी तथा मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से पूजा टॉकिज के पास ऑटो तथा टोटो ड्राइवर्स के बीच सड़क सुरक्षा के तहत शुक्रवार को जांच अभियान तथा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर ऑटो तथा टोटो ड्राइवर्स को ड्रेस कोड का पालन करने को कहा गया। टोटो चालकों को नीला एवं ऑटो चालकों को खाकी ड्रेस पहनने को कहा गया। साथ ही साथ बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के चालको का चालान भी किया गया। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों का 65000 रुपए का चालान किया गया।

डीटीओ, एमवीआई ने की धनबाद पब्लिक स्कूल में वाहनों की जांच

DHANBAD : उपायुक्त सह अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति धनबाद माधवी मिश्रा द्वारा धनबाद के सभी स्कूलों में चल रहे वाहनों के पेपर तथा वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस जांच करने के संबंध में दिए गए निर्देश के आलोक में शुक्रवार को डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी तथा मोटरयान निरीक्षक अभय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से धनबाद पब्लिक स्कूल में सभी वाहनों की जांच की गई। जॉच के दौरान कुछ वाहनों में त्रुटी पाई गई। उनसे लगभग 8250 की जुमार्ना राशि वसूली गई तथा डीटीओ द्वारा स्कूल प्रबंधन को वाहन चालकों एवं उपचालकों के ड्रेस कोड का पालन और वाहनों में सुरक्षा संबंधी सभी मानकों को पूरा करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ही कहा कि आगे भी लगातार स्कूलों में वाहनों के विरुद्ध जांच अभियान चलता रहेगा। सुरक्षा मानकों पर खरा न उतरने पर तथा बच्चों की सेफ्टी को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जायेगी।

सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों की परीक्षा संपन्न

● शांतिपूर्ण माहौल में कदाचार मुक्त हुई परीक्षा : प्रमंडलीय आयुक्त

HAZARIBAG : केंद्रीय परीक्षा समिति, राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के तत्वाधान में 2 सितंबर से शुरू राजपत्रित और अराजपत्रित पदाधिकारियों-कर्मचारियों की द्वितीय अर्धवार्षिक परीक्षा-2023 एवं प्रथम अर्धवार्षिक परीक्षा-2024 शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस बीच उत्तरी छोटानागपुर की प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने समय-समय पर जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। आयुक्त ने प्रथम एवं द्वितीय पाली में आयोजित हो रही परीक्षा का शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न होने पर पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

परीक्षा केंद्र पहुंचीं आयुक्त

द्वितीय अर्धवार्षिक विभागीय एवं जनजातीय परीक्षा-2023 एवं प्रथम अर्धवार्षिक विभाग एवं जनजातीय भाषा-2024 के सफल संचालन के लिए बोर्ड का गठन किया गया है।
बोर्ड सदस्य के रूप में सहायक केंद्र अधीक्षक-सह-आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, अवर सचिव राकेश चौधरी, रासबिहारी प्रसाद, उपजनसंपर्क निदेशक आनंद शामिल थे।

गिरिडीह पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोपी पति को हैदराबाद से पकड़ा

GIRIDIH : जिले की हीरोडीह थाना पुलिस शुक्रवार को पत्नी की हत्या के आरोपित पति अनिल यादव को हेदराबाद से गिरफ्तार कर शुकवार को गिरिडीह ले लाई। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि अनिल यादव पत्नी को हैदराबाद ले जाने के बहाने पिछले 28 अगस्त को घर हीरोडीह थाना इलाके के टंगपंजपा से ससुराल बेरिया दीवान टोला के लिए निकला। इस दौरान पत्नी रिंकू देवी को ससुराल बेरिया दीवान टोला से कुछ दूर मुरली पहाड़ी के पास बेरहमी से हत्या कर शव को आपत्तिजनक हालत में वहीं फेंक कर हैदराबाद फरार हो गया। मामले की हीरोडीह थाना पुलिस ने सक्रियता से जांच शुरू की तो रिंकू देवी की हत्या में पति अनिल यादव का हाथ सामने आया। इसके बाद हीरोडीह पुलिस उसे हैदराबाद से गिरफ्तार कर गिरिडीह लाई।

भारी मात्रा में नकली शराब बरामद, तस्कर किया गया गिरफ्तार

KODERMA : जयनगर थाना अंतर्गत अवैध शराब का निर्माण एवं तस्करी किए जाने की सूचना पर पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शराब बरामद किया। मौके से एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार किया गया है। एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि सूचना के आलोक में जयनगर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में बीती रात थाना क्षेत्र के प्रतापपुर स्थित गोविन्द रजक 28 वर्ष, पिता शिवकुमार के घर छापामारी की गई। इस दौरान मैकडोवेल्स लग्जरी स्टीकर लगा हुआ 18 पीस, मैकडोवेल्स लग्जरी नंबर 1 स्टीकर लगा हुआ 23 पीस, इंपीरियल ब्लू 24 पीस, इंपीरियल ब्लू व्हिस्की 21 पीस जब्त किया गया। वहीं 6 प्लास्टिक के बड़े बोरे में शराब की खाली बोतल को भी जब्त किया गया।

ससुराल आए युवक को हाथियों ने कुचला, मौत

उत्तर प्रदेश के शामली जिला के इस्सीपुर थाना के बसेड़ा गांव का रहने वाला था मृतक

PHOTON NEWS LOHARDAGA : लोहरदगा जिला में हाथियों ने एक युवक को कुचलकर मार डाला है। यह घटना लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के जोभीटांड की है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग और कुडू थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हाथियों ने अब तक 3 की ली जान : मृतक शनिवार को ही ससुराल से वापस अपने घर जाने वाला था। इसी बीच गुरुवार की रात यह घटना हो गई। बताया जा रहा है कि कुडू, कैरो और भंडरा थाना क्षेत्र में पिछले छह महीने से भी ज्यादा समय से 22 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों ने अब तक तीन लोगों की जान ले ली है। हाथियों ने दर्जनों मकानों को ध्वस्त कर दिया है। कई एक-ड़ में लगी फसल को भी बर्बाद किया है।

हाथियों को देखते ग्रामीण ● फोटोन न्यूज

अचानक खेत से निकले हाथी, मची अफरातफरी

हाथियों के अचानक खेत से निकलकर सामने आ जाने के बाद ग्रामीणों में अफरातफरी मच गई। भागने के क्रम में मृतक हाथियों के झुंड के बीच फंस गया। हाथियों ने शौकीन को पड़कर कुचलकर मार डाला। हाथियों का गुस्सा देखकर किसी ग्रामीण की हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह शौकीन को बचाने को लेकर कोई उपाय भी सोच सके। इस घटना के बाद हाथियों का झुंड कुंदो जंगल की ओर चला गया। घटना की सूचना कुडू थाना पुलिस और वन विभाग की टीम को दी गई। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है।

शनिवार को लौटने वाला था मृतक

उत्तर प्रदेश के शामली जिला के इस्सीपुर थाना के बसेड़ा गांव निवासी आलमदीन का 43 वर्षीय पुत्र शौकीन कुडू थाना क्षेत्र के ब्लॉक मैदान निवासी मोहम्मद गंभीर के यहां अपने ससुराल तीन दिन पहले ही आया था। शनिवार को पत्नी शबनम खातून, तीन पुत्र दानिश, साहिल साद और पुत्री रुखसार को लेकर वापस अपने गांव जाने वाला था। इसी बीच हाथियों का झुंड गुरुवार की रात कुंदो जंगल से निकलकर जोभीटांड आ गया था। गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ शौकीन भी हाथियों को देखने के लिए गया हुआ था। इसी बीच बंडा टोली, टीको, कुंदो और अन्य गांव के ग्रामीण हाथियों को खदेड़ रहे थे।

घर के बाहर सोए बुजुर्ग की लाठी से पीट-पीट कर हत्या

घर के बाहर जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

PALAMU : जिले के मनातू थाना क्षेत्र के जसपुर गांव में गुरुवार रात अज्ञात अपराधियों ने लाठी- डंडे से पीट पीट कर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी। घटना के वक्त बुजुर्ग अपने घर के बाहर सोए हुए थे। घटनास्थल से दो लाठी बरामद हुई है। सूचना मिलने के बाद शुक्रवार सुबह मनातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनीनगर भेज दिया है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान राजा यादव (63) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राजा यादव अपने घर के बाहर सोए हुए थे। इसी क्रम में गुरुवार रात करीब 10 बजे लाठी-डंडे से पीट पीट कर उनकी हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी रात 1 हुई। सूचना मिलने पर प्रारंभिक जांच के लिए मनातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। कुछ जानकारी लेकर रात में लौट गई और पुनः सुबह आई। घटनास्थल मनातू थाना से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर है और जसपुर घना आबादी वाला गांव है।

ट्रैक्टर की चपेट में आकर युवक और महिला की मौत

KODERMA : जिले के नवलशाही थाना के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक व एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों की पहचान ताराटांड़ निवासी मन्नुवर अंसारी (19) तथा रजिया खातून (35) के रूप में की गई। प्रत्यक्षर्शियों ने बताया कि अपने घरेलू विवाद को लेकर युवक व महिला नवलशाही थाना आवेदन देने गए थे। आवेदन देकर लौटने के क्रम में थाना गेट के समीप तेज रफ्तार से आ रही ट्रैक्टर दोनों को अपने चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। घटना होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने रोड को जाम कर दिया। वही परिजनों ने मुआवजे की मांग कर रहे थे। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी नितीश कुमार, एसआई रविप्रकाश पंडित व डोमचांच सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम को हटाते हुए शवों को सदर अस्पताल कोडरमा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छतरपुर में स्वर्ण व्यवसायी से 15 लाख की लूट, तीन माह में तीन घटनाएं

एक भी मामले का नहीं हुआ उद्भेदन, व्यापारी चिंतित

PHOTON NEWS PALAMU : जिले के छतरपुर में एक बार फिर स्वर्ण व्यवसायी से 15 लाख की लूट हो गई है। चीरू गांव के समीप स्वर्ण व्यवसायी से हथियार के बल पर 15 लाख के आभूषणों की लूट हो गई है। तीन माह में तीसरी घटना होने से स्वर्ण कारोबारी में आक्रोश के साथ-साथ हड़कंप मच गया है इस संबंध में शुक्रवार को छतरपुर थाना में मामला दर्ज कराया गया पुलिस एक बार फिर अनुसंधान में जुड़ गई है। यहां यह भी बता दें कि अब तक हुई तीनों घटनाओं में से किसी का उदभेदन नहीं हो पाया है। जिससे प्रतीत होता है कि पुलिस का सुरक्षा और खुफिया तंत्र इस मामले में फेल है। स्वर्ण व्यवसायी अशोक ज्वेलर्स एंड बर्तन दुकान के संचालक अशोक सोनी से अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। अशोक सोनी ने बताया कि उनका सरइडीह में भी सोने चांदी की दुकान है और वे प्रतिदिन की भांति बाइक से आभूषण लेकर छतरपुर से सरईडीह स्थित अपनी दूसरी दुकान जा रहे थे कि चीरू और चहलथान के बीच सुनसान जगह पर एक काली रंग की राइडर बाइक से दो अपराधी पीछा करते हुए आये और उनकी बाइक को रुकवा कर पिस्टल के बल पर डिक्की में रखा झोला, जिसमें सौ ग्राम सोना का आभूषण के साथ उधार बाकी की तीन बही थी। उसके अलावे एक और थैला था, जीसमें आठ किलो चांदी के आभूषण थे उसे भी लूटने के बाद लुटेरों ने उनके जेब से मोबाइल लूट कर भाग निकले। उन्होंने बताया कि काफी शोर गुल किया जिसके बाद कुछ गांव के लोगों ने लुटेरों का पीछा किया पर लुटेरे तब तक भाग निकले।

घटना की जानकारी देता व्यवसायी

'मेक रूम फॉर अर्ली लर्निंग' से बढ़ेगी बच्चों की क्षमता

सेमिनार को संबोधित करतीं उपायुक्त नैन्सी सहाय ● फोटोन न्यूज

HAZARIBAG : जिला समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को 'रीडिंग कैम्पेन : मेक रूम फॉर अर्ली लर्निंग' के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सेमिनार में प्रारंभिक शिक्षा और पठन कौशल के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षा परियोजना परिषद, झारखंड द्वारा रूम टू रीड, आईपीईएल और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने पठन कौशल के विकास और बच्चों में पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। जिला स्तरीय सेमिनार में उपायुक्त नैन्सी सहाय ने सेमिनार के दौरान बच्चों में पठन कौशल और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की और प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पठन कौशल बच्चों के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही, उन्होंने क्षेत्र स्तर पर मौजूद अंतरालों की पहचान करने और सभी हितधारकों के सहयोग से उन समस्याओं को संबोधित करने के लिए प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने पर बल दिया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक और योजना पदाधिकारी ने भी प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और पठन कौशल को सुदृढ़ करने के लिए सरकारी प्रयासों की प्रशंसा की।

झारखंड को मिलेगा चार वंदे भारत का तोहफा

CHAKRADHARPUR: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर से चार वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। खास बात यह है कि चारों वंदे भारत झारखंड को ही समर्पित है। वे टाटानगर स्टेशन पर टाटा-पटना और टाटा-बरहमपुर के अलावा देवघर-वाराणसी और दुमका-रांची वंदे भारत को भी झंडी दिखाएंगे।
इस बीच टाटा-पटना और टाटा-बरहमपुर वंदे भारत की समय सारिणी भी लगभग तय हो गई है। पटना के लिए टाटानगर से सुबह 6 बजे वंदे भारत एक्सप्रेस खुलेगी और दोपहर 1 बजे पटना पहुंचेगी। दोपहर 2 बजे पटना से खुलकर रात 9 बजे टाटानगर आएगी। टाटा-बरहमपुर वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 5.20 बजे टाटानगर स्टेशन से रवाना होकर 2.30 बजे बरहमपुर (ओडिशा) पहुंचेगी। यह ट्रेन चाईबासा होकर जाएगी। इस तरह चाईबासा को पहले वंदे भारत एक्सप्रेस का तोहफा मिलने जा रहा है। टाटानगर से सुबह 5.20 बजे खुलकर यह ट्रेन 6.10 बजे चाईबासा, 7 बजे डंगुवापोशी, भुवनेश्वर, खुरदा रोड होते हुए बरहमपुर पहुंचेगी। बरहमपुर से दोपहर 3 बजे खुलकर रात 11.55 बजे यह ट्रेन टाटानगर पहुंचेगी। टाटा पटना वंदे भारत एक्सप्रेस पुरुलिया, अनारा, भोजूडीह, गोमो, कोडरमा, गया के रास्ते पटना जाएगी। उसी दिन प्रधानमंत्री देवघर बाबा बैद्यनाथ से काशी विश्वनाथ बनारस के लिए और दुमका से रांची के लिए वंदे भारत को ऑनलाइन रवाना करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार कुछ और ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाने की संभावना है।

वंदे भारत ट्रेन का प्रतीकात्मक फोटो

टाटा से पटना के लिए सुबह 6 बजे और बरहमपुर के लिए 5.20 बजे खुलेगी ट्रेन

देवघर से दोपहर 3.15 बजे खुलेगी

वंदे भारत ट्रेन देवघर से दोपहर 3.15 बजे खुलकर जसीडीह झाझा नवादा होते हुए शाम 7.10 बजे गया होते हुए रात 10.20 बजे वाराणसी स्टेशन पहुंचेगी। वाराणसी से सुबह 6.20 बजे खुलेगी और 1.30 बजे बैद्यनाथ धाम स्टेशन पहुंचेगी। दुमका-रांची वंदे भारत ट्रेन देवघर, मधुपुर, न्यू गिरिडीह स्टेशन, राजधनवार, कोडरमा बरही हजारीबाग होते हुए रांची जाएगी। इस ट्रेन की समय सारिणी अभी सामने नहीं आई है। झारखंड में अगले कुछ महीनो में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसे देखते हुए झारखंड को एक साथ चार वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रधानमंत्री तोहफा देने जा रहे हैं। टाटानगर स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर तैयारी जोरों पर है। इसका टायल जल्द शुरू किया जाएगा।

मंत्री ने चतरा में किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन

शिविर का उद्घाटन करते मंत्री सत्यानंद भोक्ता ● फोटोन न्यूज

CHATRA : राज्य के उद्योग व श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने शुक्रवार को सदर प्रखंड के देवरिया पंचायत के ग्राम देवरिया में आयोजित 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधाओं को पहुंचाने के लिए राज्य सरकार ने सभी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यहां आए मामलों का त्वरित रूप से निष्पादन हो रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष नवलकिशोर यादव, जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, प्रमुख धनवा देवी, उप प्रमुख नीलम देवी, मुखिया गुड्डू दूबे समेत अन्य कई गणमान्य मौजूद रहे।

भाजपा का सदस्यता अभियान लोकतांत्रिक जुड़ाव और पार्टी विस्तार का उपक्रम

देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था विस्तार और प्रसार की दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिला की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था में शामिल किया जाना चाहिए, खासतौर पर उन युवाओं को, जिनके परिवार में राजनीति का कोई इतिहास नहीं है। भारत में कई राजनीतिक दलों पर लंबे समय से पारिवारिक सदस्यों का ही वर्चस्व रहा है, जहां सत्ता अक्सर अर्जित करने के बजाय विरासत में मिलती है। यह व्यवस्था क्रम आम नागरिकों के लिए बदलाव लाने के अवसरों को सीमित कर सकता है। बिना किसी राजनीतिक-पारिवारिक संबंध वाले युवाओं को राजनीति में सम्मिलित करने पर ध्यान केंद्रित करके प्रधानमंत्री मोदी परिवारवाद (पारिवारिक शासन) के पुराने मॉडल से अलग होने और राजनीति में नई आवाज और दृष्टिकोणों के लिए द्वार खोलने के विषय में स्पष्ट बयान दे रहे हैं। एक लाख युवा, जिनका राजनीतिक संबंध नहीं है, उनको लाने से राजनीतिक व्यवस्था में नए विचारों और नवीन ऊर्जा का संचार होगा। यह विचार पुराने परिवार केंद्रित मॉडल को भी चुनौती देता है और अधिक समावेशी और योग्यता आधारित राजनीतिक माहौल के लिए व्यापक मंच तैयार करता है। विभिन्न पृष्ठभूमि से आनेवाले युवा नेता वर्तमान समस्याओं के लिए नए समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं और अपनी पीढ़ी की चिंताओं का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 2 सितंबर 2024 को एक प्रमुख सदस्यता अभियान की शुरूआत की है। यह प्रमुख पहल लोकतांत्रिक जुड़ाव के लिए पार्टी के समर्पण और अपने आधार का विस्तार करने में उसकी रणनीतिक दूरदर्शिता को दशार्ती है। सदस्यता अभियान उन राजनीतिक दलों के विपरीत है, जो पारिवारिक राजवंशों तक सीमित हैं और परिवारवाद (पारिवारिक शासन) की अवधारणा में उलझे हुए हैं, जहां कुछ पार्टियां पारिवारिक संबंधों के माध्यम से नेतृत्व को कायम रख रही हैं, वहीं भाजपा एक लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपना रही है, जो समावेशिता और व्यापक भागीदारी पर जोर देती है। लाखों नए व्यक्तियों के लिए अपनी पार्टी की सदस्यता खोल कर पार्टी एक ऐसी राजनीतिक प्रणाली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है, जहां नेतृत्व और प्रभाव विरासत के बजाय योग्यता और जुड़ाव से निर्धारित होते हैं। यह अभियान राजनीतिक भागीदारी के मानदंडों को फिर से परिभाषित करने का एक अच्छा प्रयास है। कुछ परिवारों के इर्द-गिर्द घूमने वाली पार्टियों के विपरीत भाजपा का दृष्टिकोण सभी क्षेत्रों के लोगों को पार्टी में सम्मिलित करता है और लोकतंत्र की सच्ची भावना को दशार्ता है। विविध पृष्ठभूमि से नए सदस्यों को नामांकित करके,भाजपा पारंपरिक वंशवादी मॉडल को चुनौती दे रही है, यह दिखाते हुए कि राजनीतिक प्रभाव केवल जन्मसिद्ध अधिकार से नहीं, बल्कि भागीदारी और योगदान के माध्यम से अर्जित किया जा सकता है। लाखों नए सदस्यों को शामिल करने के लिए अपने आधार का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित करके भाजपा एक सहभागी राजनीतिक प्रणाली के प्रति अपने समर्पण को उजागर करती है। यह अन्य पार्टियों के विपरीत है, जहां सत्ता अक्सर कुछ परिवारों के भीतर केंद्रित होती है, जिससे उससे बाहर के व्यक्ति के लिए व्यापक जुड़ाव के अवसर सीमित हो जाते हैं। भाजपा की पहल एक अधिक गतिशील और प्रतिनिधि राजनीतिक वातावरण को प्रोत्साहित करती है, जहां नेतृत्व की स्थिति उन सभी के लिए सुलभ है, जो राजनीति में योगदान करने और सक्रिय रूप से भाग लेने के इच्छुक हैं। तीन व्यापक चरणों में नियोजित यह अभियान एक प्रशासनिक अभ्यास और एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटना है, जो समावेशिता और जमीनी स्तर पर भागीदारी के लिए भाजपा की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पार्टी की सदस्यता को नवीनीकृत करके इस अभियान की शुरूआत की। ऐतिहासिक रूप से भाजपा हर छह साल में यह सदस्यता अभियान चलाती है। हालांकि, महामारी के कारण पिछला चक्र धीमा रहा था। अब सामान्य स्थिति की वापसी के साथ पार्टी नए उत्साह और रणनीतिक योजना के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को फिर से शुरू कर दिया है। सदस्यता अभियान तीन अलग-अलग चरणों में चलेगा। पहला चरण, 2 सितंबर से 15 सितंबर तक, देश भर में नए सदस्यों को नामांकित करने पर केंद्रित होगा। यह चरण अभियान की नींव रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि विभिन्न प्रकार के व्यक्तियों को पार्टी के पाले में लाया जाए। इसके बाद भाजपा दूसरे चरण में प्रवेश करेगी, जो 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस चरण में कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों और सामाजिक समूहों की पहचान करने के लिए प्रारंभिक नामांकन पैटर्न का विस्तृत विश्लेषण शामिल होगा। भाजपा का लक्ष्य एक संतुलित और समावेशी सदस्यता आधार हासिल करना है। अक्टूबर के मध्य से यह अभियान तीसरे चरण में प्रवेश करेगा, जिसमें सक्रिय सदस्यों का नामांकन शामिल है। यह पार्टी के जमीनी नेटवर्क को बढ़ाने और इसके संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए बनाया गया है। इसके बाद मंडल, जिला और राज्य अध्यक्षों सहित विभिन्न पार्टी पदों के लिए चुनाव होंगे। ये चुनाव पार्टी की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण पहलू हैं और इसके भविष्य के नेतृत्व को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस क्रम में पार्टी कार्यकताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाएं पहले ही आयोजित की जा चुकी हैं, जिनमें 15,000 मंडलों में से 9,000 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की व्यर्थ आपत्ति

ANALYSIS

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

राज्यों के स्तर पर भी अब तक जितनी सरकारें हुईं, जिसमें असम भी शामिल है और आज के वहां जो मुख्यमंत्री हैं, वे हिमंता बिस्वा सरमा भी। उन सभी प्रदेशों और इनके मुख्यमंत्रियों ने शासन स्तर पर योजनाओं के लाभ और सांविधानिक नियमों के अनुसार अल्पसंख्यकों को मिलने वाले हितों में कोई कमी मुसलमानों के लिए कभी नहीं रखी है, जिसमें आज भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के पास मुसलमानों को मिले लाभ के आंकड़े भी मौजूद हैं। इसके बाद भी भारत की ये इस्लामिक संस्था जमीयत उलेमा-ए-हिंद और इन जैसी अन्य इस्लामी संस्थाएं हैं कि इन्हें हर उस सरकार से शिकायत है, विशेषकर उससे जो भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधित्व करती हैं। कहना न होगा कि हिमंता बिस्वा सरमा के इस 'मियां मुस्लिम' बयान को लेकर व्यर्थ ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद टारगेट कर रही है, जबकि वह जानती है कि मुख्यमंत्री विस्वा सरमा का ये वक्तव्य भारत के मुस्लिम नागरिकों के लिए नहीं है, जो कहा जा रहा है, वह बांग्लादेश के घुसपैठियों के लिए है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के 'मियां मुस्लिम' संबंधी बयान पर इन दिनों एक विशेष वर्ग की ओर से जमकर राजनीति हो रही है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद एवं वे तमाम संगठन इस वर्ग विशेष के अगुआ हैं, जो मुस्लिम हितों की गारंटी ही नहीं लेते, बल्कि सरकार एवं अन्य समाजों के बीच अपनी आवाज यह कहकर बुलंद करते हैं कि भारत में मुसलमानों के साथ नाइंसाफी हो रही है। उनका यह आरोप आम है कि हुकूमत उन पर बहुत जुल्म कर रही है। अब यह अलग बात है कि केंद्र की मोदी सरकार या इससे पहले की कांग्रेस या अन्य सरकारें, जिनके कार्यकाल में लगातार अल्पसंख्यकों में सबसे अधिक लाभ मुसलमानों को दिया गया और उन्होंने बहुत सफलता से उसे उठाया भी है। फिर भी इस वर्ग के अधिकतर आम लोगों को हुकूमत से शिकायत है। दूसरी ओर राज्यों के स्तर पर भी अब तक जितनी सरकारें हुईं, जिसमें असम भी शामिल है और आज के वहां जो मुख्यमंत्री हैं, वे हिमंता बिस्वा सरमा भी। उन सभी प्रदेशों और इनके मुख्यमंत्रियों ने शासन स्तर पर योजनाओं के लाभ और सांविधानिक नियमों के अनुसार अल्पसंख्यकों को मिलने वाले हितों में कोई कमी मुसलमानों के लिए कभी नहीं रखी है, जिसमें आज भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के पास मुसलमानों को मिले लाभ के आंकड़े भी मौजूद हैं। इसके बाद भी भारत की ये इस्लामिक संस्था जमीयत उलेमा-ए-हिंद और इन जैसी अन्य इस्लामी संस्थाएं हैं कि इन्हें हर उस सरकार से शिकायत है, विशेषकर उससे जो भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधित्व करती हैं। कहना न होगा कि हिमंता बिस्वा सरमा के इस 'मियां मुस्लिम' बयान को लेकर व्यर्थ ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद टारगेट कर रही है, जबकि वह जानती है कि मुख्यमंत्री विस्वा सरमा का ये वक्तव्य भारत के मुस्लिम नागरिकों के लिए नहीं है, जो कहा जा रहा है, वह बांग्लादेश के घुसपैठियों के लिए है। फिर भी उसे इस शब्द के बोलने पर आपत्ति है। सोचने वाली बात है कि जमीयत को ये इस हद तक बुरा लग गया कि उसने मुख्य न्यायधीश डीवाई चंद्रचूड़ से मामले का संज्ञान लेकर कार्रवाई करने तक का आग्रह कर डाला। आश्चर्य यह भी है कि जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी सीजेआई तक ही नहीं रुकते। वह गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर असम के मुख्यमंत्री पर तुरंत कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जमीयत चीफ ने मुख्यमंत्री हिमंता के बयान को संपूर्ण भारत के मुसलमानों से भी जोड़ दिया है। कह रहे हैं, असम के मुख्यमंत्री का दिया यह बयान संपूर्ण भारत के मुसलमानों को एक विशेष नजरिए से देखता है। भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को मियां बुला कर सीएम ने उन्हें दूसरे दर्जे के नागरिक का दर्जा देने की कोशिश की है। अब जरा मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पक्ष भी जान लेना चाहिए। असम कैबिनेट ने कुछ समय पहले ही राज्य की स्वदेशी मुस्लिम आबादी के सामाजिक- आर्थिक सर्वेक्षण को मंजूरी दी थी। साल 2022 में पांच मुस्लिम वर्गों की पहचान करके उन्हें स्वदेशी असमिया मुसलमानों के रूप में मान्यता दी गई। ये सभी असमिया भाषा बोलने वाले लोग हैं, किंतु दूसरा एक और समुदाय है, जिसे असम में मियां मुसलमान कहा गया है और ये लोग बांग्लाभाषी हैं और उनमें जो संख्या बांग्लादेश से आकर यहां बस गई है, उस जनसंख्या का अनुपात 90 प्रतिशत से अधिक बताया जाता है। इसलिए इस मुस्लिम आबादी को लेकर अक्सर यहां विवाद होता है। यहां हिमंता बिस्वा सरकार एक फिल्टर लगाने की बात करती है, ताकि बाहरी मुस्लिमों की पहचान आसान हो और उन्हें बाहर किया जा सके। हिमंता बिस्वा कहते हैं, मैं असम को मियां भूमि नहीं बनने दूंगा। असम के जनसांख्यिकी को परिवर्तित करने और स्थानीय लोगों को अल्पसंख्यक में लाने के लिए एक राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अतिक्रमण चल रहा है। यह केवल मैं नहीं कह रहा, बल्कि स्वर्गीय गोपीनाथ बोरदोलोई, विष्णुराम मेधी और माननीय सुप्रीम कोर्ट का भी कहना है। यहां समझनेवाली बात यह भी है कि असम को छोड़ कर सभी उत्तर-पूर्वी राज्यों में यह कानून है कि गैर-स्थानीय लोग भूमि का अधिग्रहण नहीं कर सकते। चूंकि असम में ऐसा कानून नहीं है, इसलिए बांग्लादेशी घुसपैठियों ने बसने के लिए विकल्प के तौर पर इस राज्य को चुना है, जिससे उन्हें भूमि व अन्य संबंधित अधिकार जैसे-सरकारी सहायता, रोजगार, चिकित्सा-लाभ आदि प्राप्त करने में आसान मदद मिलती है। वस्तुतः यही कारण है कि आज यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों ने राज्य की जनसांख्यिकीय संरचना को पूरी तरह से बदल दिया है। 1901 में राज्य का एक भी जिला मुस्लिम बहुल नहीं था। किंतु, हम देखते हैं कि वर्ष 2001 से 2011 के बीच यहां भारी बदलाव देखने में आया और राज्य के नौ में से छह जिले मुस्लिम बहुल हो गए। इन आंकड़ों पर भी गौर करें कि वर्ष 1971 में जो असम राज्य में हिंदुओं की आबादी 72.5 प्रतिशत थी, वह समय के साथ बढ़ने के स्थान पर घटती चली गई । 2001 में घटकर 64.9 और 2011 में 61.46 प्रतिशत रह गई। इसके उलट मुसलमान हैं कि उनकी जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि होती जा रही है। 1971 में मुस्लिम आबादी 24.6 प्रतिशत थी, जो 2001 में बढ़कर 30.9 और 2011 में 34.2 प्रतिशत हो गई। यानी 10 वर्ष में मुस्लिम आबादी 40 प्रतिशत बढ़ गई। आज मुस्लिमों की असम में बढ़ती जनसंख्या के लिए तीन अनुमान हमारे सामने हैं। एक हितेश्वर सैकिया जो वर्ष 1992 में तत्कालीन मुख्यमंत्री असम थे, उनके अनुसार बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या 32 लाख थी। दो- 2004 में कांग्रेस की मनमोहन-संप्रग सरकार ने इस बात को संसद में स्वीकारा था कि घुसपैठियों की संख्या 50 लाख तक हो गई है। तीन- उसके बाद आई मोदी सरकार ने वर्ष 2016 में इन घुसपैठियों की जनसंख्या 80 लाख से ऊपर होना बताया था। जो 2011 में राज्य की कुल आबादी 3.3 करोड़ का 25 प्रतिशत हैं। अभी हाल ही में किए गए तीन अलग शोधों में यह सामने आ चुका है कि हिंदू असम में वर्ष 2040 से 2051 के बीच मुसलमानों की तुलना में अल्पसंख्यक हो जाएंगे। यहां दिक्कत यह है कि इस मुस्लिम बहुल असम में बांग्लादेशी मूल के लोग सबसे अधिक होंगे। कहना होगा कि यह मुस्लिम जनसंख्या का आंकड़ा अचानक नहीं है। यह उनकी जन्म दर के संख्यात्मक विस्फोट का परिणाम है। बांग्लादेश से घुसपैठ नहीं रुक पाने के कारण से ही यह बार-बार कहा जा रहा है कि असम का 20 वर्ष में मुस्लिमीकरण हो जाएगा। अभी नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) को लेकर भी सभी ने देखा कि कैसे इसे विवाद का विषय इस्लामवादियों ने पूरे देश में बना दिया था। इसके माध्यम से पूरे विश्व को ये संदेश देने की कोशिश की गई कि मोदी सरकार असम में मुसलमानों को प्रताड़ित कर रही है। यहां पूरे असम को आग के हवाले करने में कोई हिचक इन इस्लामवादियों में नहीं थी, जबकि इससे जुड़ी हकीकत यह है कि इसे 1951 में असम के सभी निवासियों के लिए 2014 में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर लागू किया गया था। उद्देश्य भी साफ था कि 25 मार्च 1971 के पहले से जो राज्य में रह रहे हैं, उन लोगों या उनके पूर्वजों की पहचान की जाएगी और उस आधार पर जिन्हें 1951 का नागरिक पाया जाएगा, वे अद्यतन एनआरसी में शामिल हो जाएंगे । पूरा एनआरसी सर्वोच्च न्यायालय की देखरेख में किया गया था, किंतु इसके बाद भी व्यापक तौर पर एक बड़ी संख्या जो बांग्लादेशी घुसपैठियों की है, अपना नाम इसमें डलवाने में कामयाब हो गए। यहां फर्जी पहचान के आधार पर कई बांग्लादेशियों ने भूमि-भवन, सरकारी लाभ भी प्राप्त कर लिए हैं । यही कारण है कि भाषाई तौर पर इनकी असली पहचान कर इन्हें राज्य से बाहर करना आज बहुत कठिन हो गया है। इस सब के बीच हमें यह जरूर याद रखना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 2015 में उपमन्यु हजारिका आयोग गठित किया गया था। इस आयोग ने बांग्लादेश के साथ सटी सीमा की स्थिति पर अदालत को अपनी अहम चार रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें घुसपैठ रोकने का एकमात्र उपाय यही बताया गया था कि असम में कानून बनाकर भूमि, रोजगार, व्यापार आदि सिर्फ उनके लिए आरक्षित किया जाए, जिनके नाम या जिनके पूर्वजों के नाम 1951 के एनआरसी में मौजूद हैं, वे असम के निवासी माने जाएं और अन्य को इससे बाहर कर दिया जाए।

चीन से व्यापार : आयात और निर्यात का उलझा समीकरण

थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2024 के पहले छह महीनों (जनवरी से जून 2024) के दौरान भारत का चीन के साथ अब तक का सर्वाधिक व्यापार घाटा दर्ज किया गया है, जो 41.6 अरब डॉलर है। इस अवधि में चीन से आयात बढ़ कर 50.1 अरब डॉलर हो गया, जबकि चीन को सिर्फ 8.5 अरब डॉलर का निर्यात किया गया। पिछले संपूर्ण वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ भारत के व्यापार को देखें तो पाते हैं कि चीन से आयात 101.75 अरब डॉलर हुआ था। चीन को निर्यात 16.66 अरब डॉलर रहा तथा चीन के साथ व्यापार घाटा 85.09 अरब डॉलर रहा है। निश्चित रूप से चीन के साथ बढ़ता हुआ व्यापार घाटा देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक प्रोत्साहन आधारित उत्पादन (पीएलआई) के तहत एपीआई का उत्पादन बढ़ा कर इसके चीन से बड़े पैमाने पर होने वाले आयात में कमी की जा रही है। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक चीन को खाद्य प्रसंस्करण उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के रणनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि इन दिनों भारत-चीन के व्यापार से संबंधित प्रकाशित हो रही विभिन्न वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इस समय भारत के पास चीन से आयात घटाने और वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा बढ़ाए जाने की संभावनाएं हैं। वैश्विक वित्तीय कंपनी नोमूरा ने भी हाल ही में अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन से ग्लोबल कंपनियां बाहर निकल रही हैं जिसका बड़ा फायदा भारत को मिलता दिख रहा है। नोमूरा द्वारा चाईना प्लस वन स्ट्रेटजी पॉलिसी को लेकर 130 फर्मों के साथ सर्वे किया गया है। कहा गया है कि खासतौर से भारत के दरवाजे पर दस्तक दे रही इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, सेमीकंडक्टर (एसेंबलिंग, टेस्टिंग), एनर्जी (सोलर) के अलावा फार्मास्युटिकल्स सेक्टर की कंपनियों का भारत में हरसंभव सुविधा देकर स्वागत किया जाना होगा। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि जी-20 की नई शक्ति से सुसज्जित भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश की भूमिका में उभर कर सामने आया है और चीन को आर्थिक टक्कर देने की स्थिति में है। निश्चित रूप से दुनिया के बाजार में चीन का दबदबा तोड़ने के परिप्रेक्ष्य में यूरोपीय, अमरीका और अन्य कई देश चीन से आयात के बढ़ते खतरों के मद्देनजर चीनी आयातों पर असाधारण आयात प्रतिबंध लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। विगत 12 जून को यूरोपीय आयोग ने चीन में बने इलेक्ट्रिक वाहनों पर 48 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाना सुनिश्चित किया है। पिछले कई वर्षों से यूरोपीय देशों की चीन से आयात पर शुल्क की दरें 10 प्रतिशत तक ही सीमित रही हैं। ऐसे में विभिन्न देशों द्वारा चीन से आयात होने वाले अनेक उत्पादों पर लगातार बढ़ता शुल्क चीन के आयात को हतोत्साहित करने की एक अहम पहल है, ऐसे में इन देशों में भारत से निर्यात की संभावनाएं बढ़ी है। वैसे चीन का भारतीय बाजारों पर जो दबदबा बना हुआ है, उसमें कमी आती दिखाई दे सकती है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर देश से निर्यात और रोजगार सृजन दोनों में अहम योगदान देता है और इसके प्रोत्साहन के लिए इस बजट में खास ख्याल रखा गया है। वित्तमंत्री ने बजट में देश के 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। केंद्र, राज्य और निजी सेक्टर की आपसी सहभागिता से प्लग एंड प्ले सुविधा वाले औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। उद्यमी को ऐसे औद्योगिक पार्क में जाकर सिर्फ उत्पादन शुरू करना होता है। नए बजट प्रावधानों के तहत 100 शहरों में प्लग एंड प्ले वाले सुविधा वाले औद्योगिक क्लस्टर या पार्क के विकसित होने से कम से कम 100 प्रकार के आइटम का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो सकता है। वर्ष 2024-25 के बजट में वित्तमंत्री ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर सशक्त बनाया है। साथ ही इस सेक्टर के आयात में कमी के मद्देनजर प्रावधान किए गए हैं। निःस्संदेह एक बार फिर देश के करोड़ों लोगों को चीनी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा। इस बात को भी समझना होगा कि चीन से व्यापारिक असंतुलन की गंभीर चुनौती के लिए सिर्फ सरकार ही जिम्मेदार नहीं है। चीन के साथ व्यापार असंतुलन के लिए सीधे तौर पर देश का उद्योग-कारोबार और देश की कंपनियां भी जिम्मेदार हैं, जिनके द्वारा कल-पुर्जे सहित संसाधनों के विभिन्न स्रोत और मध्यस्थ विकसित करने में अपनी प्रभावी भूमिका नहीं निभाई गई है। साथ ही देश की बड़ी कंपनियों को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ना होगा। इस बात पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान देना होगा कि जिस तरह हाल ही में यूरोपीय यूनियन और अन्य विकसित देशों द्वारा चीन से आयात नियंत्रित करने के लिए गैर टैरिफ अवरोध के साथ अन्य आयात प्रतिबंधों को असाधारण रूप से बढ़ाया गया है, उसी तरह भारत को संरक्षणवाद के तरीके अपनाते हुए चीन से तेजी से बढ़ रहे आयात और चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा।

Social Media Corner

सच के हक में...

भारत में जनभागीदारी और जनआंदोलन से जल संरक्षण और प्रकृति संरक्षण का अनूठा अभियान चल रहा है। गुजरात के सूरत में 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ कर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

चक दे इंडिया, चक दे हरियाणा! दुनिया में भारत का नाम रौशन करने वाले हमारे प्रतिभाशाली चैंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया से 10 राजाजी मार्ग पर मुलाकात। हमें आप दोनों पर गर्व है।

(मल्लिकार्जुन खड़गे का 'एक्स' पर पोस्ट)

लोकतंत्र की प्रथम इकाई पंचायत के जनप्रतिनिधि अपनी जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। नौकरी के लिए युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों की व्यवस्था चलाने वाले मुखिया संघ, जल सहिया, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सचिव जैसे संगठन धरने पर बैठे हुए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इनकी समस्याओं का समाधान करने की बजाय दिल्ली में नाच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सभी संगठनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और हेमंत सोरेन जैसे संवेदनहीन मुख्यमंत्री के कुशासन से झारखंड की जनता को मुक्ति दिलाई जाएगी।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)

अमेरिका का अगला राष्ट्रपति

अमेरिका में बसे लाखों भारतीय डोनाल्ड ट्रंप के साथ हैं या कमला हैरिस के पक्ष में। अगर मीडिया पर आ रही खबरों पर यकीन करें तो कमला हैरिस को आज के दिन अधिक लोकप्रिय बताया जा रहा है। कमला की लोकप्रियता प्रतिदिन बढ़ने की बात कही जा रही है। भारत सरकार किसे विजयी देखना चाहती है। यह तय है कि जो भी जीतेगा भारत सरकार उसके साथ तालमेल बिठा कर काम करेगी ही। यह बात भारत-अमेरिका के गहरे द्विपक्षीय संबंधों की रोशनी में कही जा सकती है, जो लगातार मजबूत हो रहे हैं। एक बात जान लें कि अमेरिका में रहने वाले भारतीयों के एकमुश्त वोट कमला हैरिस को नहीं मिलेंगे, कुछ वोट तो बटेंगे ही। कुछ वोट ट्रंप के खाते में भी जाएंगे, पर कमला हैरिस को भारतीय अपना तो मानते हैं। कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन तमिलनाडु के एक कुलीन ब्राह्मण परिवार से थीं। यह समाज अपनी बेटियों की शिक्षा पर बहुत ध्यान देता है। इसलिए इस परिवार ने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी, जहां उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई की। श्यामला के पिता पीवी गोपालन सरकारी सेवा में ही थे और मां सफल गृहिणी थीं। गोपालन जी सरकारी दफ्तर में टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे। वह अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में रहे। डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद कमला हैरिस की मां श्यामला ने उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए अमेरिका का रुख किया। उन्होंने अमेरिका में एक अफ्रीकी मूल के शख्स से शादी की, जिसका परिवार कैरिबियाई देश जमैका में बस गया था। इस लिहाज से देखा जाए तो कमला हैरिस को भारतीय और अफ्रीकी कहीं न कहीं अपने से जुड़ा मानते हैं। उधर, ट्रंप का भी अपना खास जनाधार है। वह 2016-2020 के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति रहे हैं। ट्रंप वह व्यक्ति भी हैं, जिन्होंने यूक्रेन और गाजा में संघर्षों को समाप्त करने का वादा किया है, जो लेबनान तक फैल गया है। वह इसे लेकर कितने गंभीर हैं या वे इसमें कितना सफल होंगे, यह अनुमान का विषय है। लेकिन, कम से कम उन्होंने वादा तो किया ही है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन भी गाजा में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए अपने ढंग से कुछ काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि इससे डेमोक्रेटिक पार्टी को मदद मिलेगी। लेकिन, न तो बाइडेन और न ही कमला हैरिस ने अब तक गाजा में शांति लाने का कोई ठोस इरादा दिखाया है। ऐसे में क्या ट्रंप की जीत को विश्व शांति के लिए भी मतदाता अच्छा मानेंगे। अब जरा बात भारत-अमेरिका संबंधों की। ज्यादातर राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि इससे भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा कि व्हाइट हाउस में ट्रंप पहुंचते हैं या कमला हैरिस। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंध बेहतर होते रहेंगे, यही अंतरराष्ट्रीय संबंधों के विश्लेषक मानते हैं। दोनों देशों के संबंध उस दायरे से कहीं आगे जाते हैं, जब सत्ता परिवर्तन का असर संबंधों पर होता है। इन संबंधों में किसी पर्सनालिटी का असर नहीं हो सकता। हां, दोनों देशों के नेताओं के निजी संबंधों से स्थिति और बेहतर हो सकती है। यह हमने नरेंद्र मोदी और बराक ओबामा, फिर मोदी और डोनाल्ड ट्रंप और उसके बाद मोदी और बाइडेन के समय देखा। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से अमेरिका के दो पूर्व राष्ट्रपतियों बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के साथ एक अलग पर्सनल केमिस्ट्री विकसित की थी, वैसी ही केमिस्ट्री उनकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ भी बनी। कुछ अस्वस्थ होने के बावजूद पिछले साल बाइडेन जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली आए।

पुतिन और मध्यस्थता

जब रूस और यूक्रेन भयानक युद्ध की आग में झुलस रहे हों, तब शांति का एक हल्का सा झोंका भी खुशी व उम्मीद से भर देता है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि भारत, चीन और ब्राजील संभावित शांति-वार्ता में मध्यस्थ के रूप में काम कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने इस मौके पर यह भी याद दिलाया कि युद्ध के शुरूआती हफ्तों में इस्तांबुल में हुई वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वाताकारों के बीच एक शुरूआती समझौता हुआ था, जिसे कभी लागू नहीं किया गया, वही छूटा हुआ समझौता आगे शांति-वार्ता के लिए जमीन तैयार कर सकता है। पुतिन अगर वाकई युद्ध से अलग कुछ सोच रहे हैं, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। वास्तव में, यह ऐसा युद्ध है, जो मानो दो भाइयों के बीच हो रहा है और इसके नतीजे कभी सुखद नहीं होंगे। अंततः वार्ता की मेज पर अमन-चैन की राह तैयार करनी पड़ेगी, यह समझ जितनी जल्दी जाग जाए, दुनिया के लिए उतना ही अच्छा है। इस युद्ध में हार-जीत बहुत मुश्किल है। रूस हार नहीं सकता और यूक्रेन को अमेरिका हारने नहीं देगा। अब पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या वाकई रूस शांति चाहता है। क्या भारत, चीन या ब्राजील को आगे करते हुए पुतिन शांति-वार्ता के लिए लालायित हैं। क्या शांति-वार्ता या मध्यस्थता की चर्चा छेड़ना रूस की युद्ध रणनीति का नतीजा है। पुतिन ने युद्ध में जैसी निर्ममता का परिचय दिया है, उसे जल्दी भुलाया नहीं जा सकता। एक दशक पहले तक उनकी छवि बहुत अच्छी थी, पर धीरे-धीरे उनकी उग्रता बढ़ती गई और दूसरे देशों के प्रति बैर-भाव भी बढ़ता चला गया। साल 2022 से ही युद्ध जारी है और ढाई वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है, अब भी युद्ध का अंत नहीं दिख रहा है, तो इसके लिए सर्वाधिक जिम्मेदारी पुतिन के खाते में ही दर्ज है। पुतिन ने ही पहले हमला किया और कायदे से उन्हें ही पहले हथियार पीछे करने चाहिए।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Chinese handshake costing Pak dear in Balochistan

RECENT attacks on multiple targets in Pakistan's Balochistan province mark an escalation in hostilities. The attacks were a consequence of festering problems and the damage to Balochistan's sociocultural and economic fabric. A major reason for the attacks was the CPEC (China-Pakistan Economic Corridor) desire to run an ambitious communications corridor from Xinjiang to Gwadar through Balochistan, a move not supported by residents of the province.

A close ally of China for decades, Pakistan has sought to use the Chinese largesse to address many of its problems. While their India-centred agenda has several convergences, Pakistan hoped that China would align with it against India. A review of the period since 1947 reveals that while China's diplomatic and military support to Pakistan may have been overtly nuanced on occasions, its covert facilitation and huge military supplies are central to Pakistan's operational capability and vital for Pakistan's missile, nuclear and submarine development.Unfortunately, strategic relations between unequals demand concessions from the less strong partner. From the act of ceding the Shaksgam valley of Kashmir to China in 1963, based on a specious boundary settlement, to the hosting of the CPEC and virtually surrendering control of northern Gilgit, the list of Pakistan's strategic giveaways to China is long.Enabling the Chinese to reach the high waters of the Arabian Sea through the Khunjerab Pass on the Karakoram mountains up to the port of Gwadar has been one of the major giveaways. This mega plan promises to transform Pakistan with a goal of 2.3 million jobs, 2-2.5 per cent additional growth and an enormous upgrade of road, rail, industrial and electrical facilities. For China, its 12,000-km oil transportation journey from the Gulf gets reduced to 2,395 km, with a saving of about $2 billion a year (according to present estimates). It also negates China's Malacca dilemma and furthers its ambition to have a base in the Arabian Sea. The heart of the CPEC projects lies in Balochistan, a province that has never been integrated and remains restive. For the Balochis, their identity, autonomy, human rights abuse by the Pakistani state and the extraction of economic gains without returns remain major troubling issues.

Historically, Pakistan has chosen alliances mostly based on security and development-related priorities. The country's engagement with the US has given it a slew of advantages. Pakistan's centrality to the conflicts in Afghanistan, coupled with its own convoluted priorities, however, left it more divided, scarred and economically deprived. Its flawed vision of using covert entities to get leverage in Afghanistan and seek strategic depth has unravelled. Consequently, insecurity prevails in the region, including Afghanistan. In its pursuit of powerful allies like the US and China, Pakistan has neglected to integrate the western provinces and their people.A complex and twisted issue that has fomented resentment among Afghans, Pathans and Balochis is the Punjabi centralism and exceptionalism. Further, Pakistan has always preferred to use military force to deal with resistance movements instead of focusing on reconciliation. This has caused the Tehreek-e-Taliban Pakistan (TTP) and the Baloch movements to converge in resisting the Pakistani approach.

In February 2022, then Pakistani Interior Minister Sheikh Rasheed Ahmad officially acknowledged this reality. Later, in November 2022, ill-fated talks with the TTP collapsed. Five main Baloch nationalist groups have seldom been approached for reconciliation. The brutal killing of Akbar Bugti, a Baloch leader, in 2006 by the Pakistani army marked a definitive break for the Balochis. For Pakistan, pursuing powerful and demanding foreign powers while letting deep internal fractures widen is hardly strategic wisdom.

At 11,317, the year 2009 saw the highest number of fatalities because of internal conflict in Pakistan. The number slumped to 365 in 2019 due to military measures and its focus on Afghanistan.

Assembly polls ignite J&K's hopes for restoration of statehood

After years of Central rule, there is a strong desire among people to elect a government that can represent their voices.

THE three-phase Assembly elections in Jammu and Kashmir (J&K), starting on September 18, are historic, being the first after the state became a Union Territory (UT).The last Assembly elections were held in 2014 under entirely different political circumstances. As a UT, J&K has undergone significant changes since August 5, 2019. The Reorganisation Act, 2019, implemented following these changes, has resulted in new constituencies, based on the recommendations of the Delimitation Commission.The UT is abuzz with political activity. Participants include traditional regional parties, some separatist organisations, and even individuals charged under the Unlawful Activities Prevention Act (UAPA).Jamaat-e-Islami Jammu Kashmir, banned under Section 3(1) of UAPA, has fielded candidates in Kulgam, Pulwama and other areas of South Kashmir. Sugra Barkati, daughter of jailed separatist leader Sarjan Barkati who was the face of the 2016 protests in South Kashmir, had last week filed nomination on his behalf, which was rejected. Barkati may now contest from the Ganderbal Assembly seat in Central Kashmir. The brother of Afzal Guru, a convict in the Parliament attack case, may also contest.Engineer Rashid brought noticeable changes to the politics of the Valley. There was already a strong sentiment in his favour, but it remains uncertain whether a similar sentiment will be seen again. If Rashid is released from jail, he might create an impact that could benefit his Awami Ittehad Party candidates. However, without him, the main contest seems to be between the Congress-National Conference (NC) alliance and the BJP, with the Peoples Democratic Party (PDP) following behind.In this year's parliamentary election, the Congress- NC alliance secured over 41 per cent of the votes, while the BJP received 24 per cent and the PDP 8 per cent. Whether the same pattern will be observed in the Assembly elections remains uncertain. In the parliamentary elections, people in Jammu had voted for the BJP in support of Prime Minister Narendra Modi. However, dissatisfaction was seen among party workers when they protested against the first list of candidates. The BJP had to withdraw the list and release a new one.

As political parties prepare for the elections, their manifestos continue to echo familiar promises. The NC has once again included autonomy as one of its key promises. However, despite an absolute majority in the past, the party could not fulfil this promise, even after passing a resolution in the Assembly in 2000.Similarly, the PDP has also promised to pursue the restoration of J&K to its 'original status' and to establish full connectivity across the Line of Control for trade and social exchange. Both the NC and PDP have called for resuming talks with Pakistan.

The manifestos of the NC and the PDP are almost similar. However, Mehbooba Mufti has added the "resolution of the Kashmir issue" to the PDP's manifesto promises. What this means and how she intends to achieve it remains unclear though. Engineer Rashid's party has promised to prioritise "land security," and address the "issue of prisoners in various jails across the country."

In the Kashmir valley too, the BJP faces major challenges. While its ally Sajjad Lone of the People's Conference performed well in the parliamentary elections, others did not achieve success. Traditional regional parties like the NC and Congress are expected to have an advantage, and the PDP may also see gains. There is, however, some residual dissatisfaction with the PDP due to its earlier campaign against the BJP in 2014, and then its subsequent coalition with the same party. The NC appears to be the party that has made the most gains in the last four to five years.

